(स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र)

हिन्दी दैनिक

# बुद्ध का संदेश



आशी सिंह ने अपनी ...8



लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

शनिवार, 19 फरवरी 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 09 अंकः 61 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

## लालू के समर्थन में कांग्रेस, प्रियंका बोलीं– भाजपा के सामने नहीं झुकने के चलते उन पर हो रहा हमला

नई दिल्ली। भले ही हाल के दिनों में बिहार विधान परिषद के चुनाव को लेकर राजद और कांग्रेस के बीच तनातनी देखने को मिली। लेकिन कांग्रेस आलाकमान और राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव के रिश्ते अभी भी अच्छे हैं। हाल में ही लालू प्रसाद यादव को एक चारा घोटाला मामले में दोषी करार दिया गया है।



इसके बाद कोर्ट ने उन्हें जेल भेजने का निर्देश दिया था। लालू प्रसाद यादव के सजा पर सुनवाई 21 फरवरी को होगी। इन सबके बीच कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने लालू के समर्थन में एक ट्वीट किया है। प्रियंका गांधी ने कहा कि भाजपा की राजनीति के सामने नहीं झुकने के कारण बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव पर हमला किया जा रहा है। इसके साथ ही कांग्रेस महासचिव ने उम्मीद जताई कि लालू प्रसाद को न्याय मिलेगा। अपने ट्वीट में प्रियंका ने लिखा कि भाजपा की राजनीति का ये अहम पहलू है कि जो भी उनके सामने झुकता नहीं है, उसको हर तरह से प्रताड़ित किया जाता है। लालू प्रसाद यादव जी पर इसी राजनीति के चलते हमला किया जा रहा है। मुझे आशा है कि उन्हें न्याय जरूर मिलेगा। आपको बता दें कि सीबीआई की विशेष अदालत ने सुबह डोरंडा कोषागार से 139.35 करोड़ रुपये की अवैध निकासी से जुड़े चारा घोटाले के सबसे बड़े मामले आरसी 47एध96 में लालू प्रसाद यादव समेत 41 आरोपियों को मंगलवार को भारतीय दंड संहिता की धारा 120बी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत दोषी करार देते हुए जेल भेजने का निर्देश दिया था तथा इनकी सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए अब 21 फरवरी की तिथि निर्धारित की है। हालांकि, बिहार में राजद और कांग्रेस के बीच रिश्ते अच्छे नहीं है। 2021 में हुए विधानसभा के दो उपचुनाव के लिए दोनों दलों के बीच टकराव की स्थिति पैदा हो गई थी। कांग्रेस ने भी दोनों सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे और राजद ने भी। लेकिन जिस तरीके से प्रियंका गांधी ने लालू प्रसाद यादव को लेकर ट्वीट किया है उससे साफ जाहिर होता है कि फिलहाल राजद और कांग्रेस के बीच सब कुछ ठीक है। दूसरी ओर लालू प्रसाद के छोटे पुत्र और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने जोर दिया कि उनके पिता जनता की अदालत में कभी दोषी नहीं थे। लालू प्रसाद के राजनीतिक उत्तराधिकारी के तौर पर देखे जा रहे तेजस्वी ने अदालत का फैसला आने के बाद संवाददाताओं से कहा कि उनके पिता को गरीबों का नेता होने के कारण निशाना बनाया जा रहा है।

## कमलनाथ का घर बैठाओ अभियान सफलता की ओर, बड़े नेताओं को बैठाया घर : नरोत्तम मिश्रा

भोपाल। मध्य प्रदेश में 2023 विधानसभा के चुनाव की तैयारियां शुरू हो गई है। प्रदेश कांग्रेस के घर चलो,घर घर चलो अभियान चला रही है। इसे लेकर गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कमलनाथ पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कमलनाथ घर चलो नही घर बैठाओ अभियान चला रहे है। और उसमें वह सफल भी हुए है। गृह मंत्री ने कहा कि कांग्रेस भले ही घर चलो, घर घर चलो अभियान चला रही है लेकिन उनके अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ तो घर बैठाओ अभियान चला रहे है। कमलनाथ अपने इस अभियान में सफल भी हुए है। उन्होंने दिग्विजय सिंह सहित तमाम बड़े नेताओं को घर बैठा दिया है।



कल हुई बैठक ही इसका सबसे बड़ा उदाहरण है । कांग्रेस की इस महत्वपूर्ण बैठक से दिग्विजय सिंह ,अरुण यादव,अजय सिंह सहित कई बड़े नेता गायब थे। गृह मंत्री ने कहा कि पहले ही कांग्रेस जमीन की जगह ट्वीटर पर चल रही थी। अब कमलनाथ ने बैठकों तक सीमित रह चुके वरिष्ठ नेताओं को भी घर बैठा कर कांग्रेस का पूरी तरह काम तमाम कर दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में हालात इतने खराब हो चुके है कि दिग्विजय सिंह ने भी रहिमन धागा प्रेम का मत तोड़ो चटकाए दोहा ट्वीटर पर पोस्ट कर अपनी पीड़ा व्यक्त की है। सही भी है जब से कमलनाथ ने प्रदेश कांग्रेस की कमान संभाली है। पूरी कांग्रेस खंड खंड हो गयी है। लगातार वहां से नेता चटक चटक कर टूट रहे है। गृह मंत्री ने कि कोरोना का प्रकोप कम होते ही कोरोना को लेकर लगाए गए सभी प्रतिबंध पहले ही समाप्त किये जा चुके है । अब रात के कर्फ्यू को भी हटाने पर भी विचार चल रहा है। मुख्यमंत्री इस संबंध में समीक्षा बैठक करने के बाद फैसला लेंगे।

## टीएमसी के पोस्टर में ममता को देवी दुर्गा और पीएम मोदी को महिषासुर के रूप में दिखाया गया, कांग्रेस और माकपा को बनाया बकरी

बंगाल की 108 नगरपालिकाओं बंगाल निकाय चुनाव का चुनाव 27 फरवरी को होगा, जबकि मतगणना 2 मार्च को होगी।




राज्य चुनाव आयोग की तरफ से बुधवार को इस बाबत जानकारी दी गई है। लेकिन उससे पहले ही एक विवादित पोस्टर से बवाल खड़ा हो गया है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को श्दुर्गाश और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को श्महिषासुरश दिखाने वाले पोस्टर ने राज्य में विवाद खड़ा कर दिया। भाजपा के एक नेता ने इसे प्रधानमंत्री और सनातन धर्म का अपमान बताते हुए कहा कि पार्टी इस मामले को लेकर चुनाव आयोग से संपर्क करेगी। पोस्टर पश्चिम बंगाल जिले के मदनापुर में लगाया गया था। ममता को देवी दुर्गा के रूप में दिखाया गया : पोस्टर में ममता बनर्जी को देवी श्दुर्गाश के रूप में दिखाया गया है, जबकि पीएम मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को महिषासुर के रूप में चित्रित किया गया है जो हिंदू पौराणिक कथाओं में एक राक्षस है। पोस्टर में विपक्षी दलों को बकरियों के रूप में भी दिखाया गया है, जिसमें लिखा है कि ष्अगर किसी और ने उन्हें (विपक्षी दलों) को वोट दिया, तो उनकी बलि दी जाएगी। इससे मदनापुर जिले में हड़कंप मच गया है। स्थानीय भाजपा नेता विपुल आचार्य ने कहा कि नेताओं को देवता के रूप में दिखाना सनातन धर्म का अपमान है। उन्होंने कहा, श्यह हमारे प्रधानमंत्री और गृह मंत्री का भी अपमान है। विपुल आचार्य ने कहा कि भाजपा इसकी शिकायत चुनाव आयोग (ईसी) से करेगी। टीएमसी नेता अनिमा साहा इस जिले के वार्ड नंबर 1 से पार्टी की उम्मीदवार हैं। हालांकि पूरे मामले पर टीएमसी नेता ने इस से संबंधित जानकारी नहीं होने का दावा किया है। अनिमा साहा ने कहा कि उन्हें यह भी नहीं पता कि यह पोस्टर किसने लगाया है। उनके मुताबिक गलत काम किया गया है ।अनिमा साहा ने कहा, ष्अगर मुझे इस बारे में पता होता तो मैं कभी भी इस तरह के पोस्टर इलाके में नहीं लगने देती।ष

## जी20 की बैठक में निर्मला सीतारमण बोलीं- वैश्विक अवसंरचना वित्तपोषण के अंतर को दूर करने की जरूरत

नयी दिल्ली, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को वैश्विक स्तर पर अवसंरचना वित्तपोषण के अंतर को दूर करने और इस क्षेत्र में समावेशी वृद्धि के लिए नवाचारी वित्तपोषण तंत्र विकसित करने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने



इंडोनेशिया की अध्यक्षता में चल रही जी20 देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों की बैठक में यह बात कही। सीतारमण ने टिकाऊ वित्तपोषण और अवसंरचना पर एक सत्र को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए संबोधित करते हुए वित्तीय साधनों को बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों का समर्थन किया। साथ ही उन्होंने कहा कि इन प्रयासों में सुविधा और किफायत पर खासतौर से ध्यान देना चाहिए। वित्त मंत्रालय ने एक ट्वीट में कहा, अवसंरचना पर अपने दृष्टिकोण को साझा करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वैश्विक अवसंरचना वित्तपोषण की खाई को पाटने की जरूरत पर जोर दिया।

## नड्डा बोलेः भाई–बहन की पार्टी बन गई है कांग्रेस

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर प्रचार का दौर लगातार जारी है। आज भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा अयोध्या पहुंचे थे जहां उन्होंने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर जबरदस्त तरीके से निशाना साधा। अयोध्या में जेपी नड्डा ने कहा कि आज अयोध्या में भव्य राम मंदिर बन रहा है। इस मंदिर के निर्माण को लटकाने का काम कांग्रेस करती थी। इसी राम मंदिर के राम भक्तों पर समाजवादी पार्टी ने गोली चलवाई थी। उन्होंने कहा कि आजकल अखिलेश यादव मंदिर में घंटी बजाने जा रहे हैं। जितनी घंटी बजानी है, बजा लो आपकी बज गई है घंटी। नड्डा ने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों में परिवारवादी पार्टियां हैं। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस भी, न तो भारतीय रह गई है, न राष्ट्रीय पार्टी रह गई है। ये सिर्फ दो भाई–बहनों की पार्टी रह गई है। सिर्फ भाजपा ही विचारों की पार्टी है। अखिलेश पर हमला करते हुए भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि सपा सिर्फ परिवार का विकास करती है। एक ही परिवार से कोई एमपी, कोई एमएलए, कोई जिला पंचायत अध्यक्ष, कोई सदस्य होता है। ये परिवारवादी पार्टी है। भाजपा लोगों का विकास करती है। ये अंतर हो दोनों पार्टियों में। उन्होंने कहा कि सपा की सरकार आती है तो किसी एक जाति का भला होता है, बसपा की सरकार आती है तो किसी दूसरी जाति का भला। सपा के साथ जो लोग आज लगे हैं, ये वही हैं जो इस इंतजार में रहते हैं कि हमारी सरकार आएगी तो थाना भी हमारा होगा, जिला भी हमारा होगा। बाकी दुनिया जाए, जहां जाना हो। चाहे बिजली हो, पानी हो, सड़क हो कोई भी बात करें, कभी भी सपा और कांग्रेस विकास की बात नहीं करते। लेकिन जब हम आते हैं तो हम अपना रिकॉर्ड लेकर आते हैं। नड्डा ने कहा कि भाजपा में वोट कभी किसी व्यक्ति को विधानसभा में पहुंचाने के लिए नहीं होता, वोट इसलिए होता है कि उनके माध्यम से प्रदेश और देश की तस्वीर तथा तकदीर बदलनी होती है।



पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा मोदी सरकार ने दिया। आप लोग जब सरकार में थे, तो आपने ये काम क्यों नहीं कराया? मोदी सरकार ने आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों को भी 10 प्रतिशत आरक्षण दिया है।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कल अखिलेश जी अपने पूज्य पिताजी को लेकर करहल गए थे। अखिलेश अब उत्तर प्रदेश का नहीं, सिर्फ करहल का चुनाव लड़ रहे हैं। अगर मुलायम सिंह जी को करहल पहुंचाना पड़ा है तो समझो इनकी बाकी सीटें तो गईं, ये अब घर बचा रहे हैं।

## कृपया अभी बिरयानी ऑर्डर न करें! सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों से वसूली तो होगी, एससी के फैसले के बाद न्च सरकार उठाएगी ये कदम

सुप्रीम कोर्ट में नागरिकता संशोधन कानून को लेकर हुए हिंसक प्रदर्शन और उसके बाद उत्तर प्रदेश सरकार के एक्शन को लेकर सुनवाई हुई। जिसमें यूपी सरकार की तरफ से सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों से वसूली को लेकर सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की कई तरह की व्याख्या की जा रही है। लेकिन अब सरकार की तरफ से पूरे मामले पर स्पष्टीकरण दिया गया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के वरिष्ठ सलाहकार कंचन गुप्ता ने मीडिया समूह पर भी निशाना साधा है। 2020 के कानून के तहत वसूलीः यूपी सरकार ने सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के लिए सीएए प्रदर्शनकारियों से 2019 का नोटिस वापस की गलत रिपोर्ट दी जा रही है। सरकार की तरफ से कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि सीएए के उल्लंघन से नुकसान की वसूली की जानी चाहिए, लेकिन 2020 के कानून के तहत। इसके साथ ही कंचन गुप्ता ने समाचार एजेंसी पीटीआई को भी गलत रिपोर्ट के लिए आड़े हाथों लिया है। अभी बिरयानी ऑर्डर न करेंः कंचन गुप्ता की तरफ से बताया गया कि सरकार अब अपने 2020 के कानून के तहत नोटिसों को फिर से लागू करेगा और उन्हें सीएए वैंडल और क्वांटम आदि पर फिर से तामील किया जाएगा, जिसे ट्रिब्यूनल द्वारा 2020 के कानून के तहत स्थापित किया जाएगा। वे सभी जो खुश हैं और जश्न मना रहे हैं कि एससी ने सीएए के लिए दंड पर रोक लगा दी है। कृपया अभी बिरयानी का ऑर्डर न दें।



## कोरोना काल में जम्मू में निःशुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन, मुफ्त में बांटी गईं आयुष दवाईयां

श्रीनगर। जम्मू–कश्मीर समेत पूरा देश कोरोना की तीसरी लहर से प्रभावित हुआ लेकिन अब मामलों में कमी आने के बाद राज्य सरकारें धीरे–धीरे पाबंदियों में ढील देना शुरू कर चुकी हैं। आपको बता दें कि कोरोना महामारी के दौरान जम्मू–कश्मीर में मुफ्त में दवाईयां बांटी गई। प्रभासाक्षी से बात करते हुए डॉक्टर जतिंदर ने भारतीय प्रणाली की दवाओं के लाभों के बारे में बताया। इसके साथ ही उन्होंने सभी लोगों से इस अवसर का लाभ उठाने, खुद को चिकित्सकीय जांच कराने और मुफ्त में वितरित की जा रही दवाओं को लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि जम्मू शहर के लोगों के लिए मुफ्त चिकित्सा सहायता शिविर पिछले तीन वर्षों से सरकारी आयुर्वेदिक अस्पताल जम्मू द्वारा आयोजित किए जा रहे हैं। पिछले तीन साल से आयुर्वेदिक अस्पताल लोगों के लाभ के लिए विभिन्न चिकित्सा शिविरों का आयोजन कर रहा है।

## 10 लाख पौधे लगाकर बसा दिया जंगल, रेल लाइन बिछाने के लिए मुआवजा देने की बारी आई तो रकम जानकर रेलवे के उड़े होश

नई दिल्ली। ग्लोबल वार्मिंग को लेकर दुनिया भर के वैज्ञानिकों की तरफ से लगातार चेतावनी दी जा रही है, लेकिन अब भी ज्यादातर लोग इसे गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। कई देश जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने की कोशिश कर रहे हैं। इसी सोच के साथ कमाई की आस में उत्तराखंड के एक पूर्व सरकारी अधिकारी की परिश्रम रंग लाई तो एक बेशकीमती जंगल तैयार हो गया। सामान्य उपजाऊ जमीन जब जंगल में बदली तो फलों की पैदावार के हिसाब से यह बहुत फली फूली। दरअसल एक रेल प्रोजेक्ट को लेकर जब इस जमीन की कीमत का हिसाब किताब हुआ तो रेलवे अधिकारियों के पसीने छूट गए। यहां हम बात कर रहे हैं अनिल जोशी की मेहनत की जिन्होंने ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल लाइन के रूट पर 10 लाख पौधे लगाकर जंगल बसा दिया है। मतलब साफ है अगर रेलवे को नई लाइन बिछाने के लिए उस जंगल को काटना होगा और ऐसे में उसे 400 करोड़ का मुआवजा देना होगा। यह मुआवजा देश में शायद सबसे बड़ी मुआवजा राशि होगी। यह बात



अब मुआवजे के लिए बनी ट्राइब्यूनल तक पहुंच गई है। दैनिक भास्कर की एक रिपोर्ट के अनुसार करीब 10 साल पहले भारतीय रेलवे ने ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल लाइन के लिए सर्वे के दौरान मथेला में एक बड़ा रेलवे स्टेशन बनाने का निर्णय किया था। इसी रेल लाइन की जद में पूर्व सरकारी अधिकारी अनिल कुमार जोशी की जमीन भी आ गई। जिन्होंने 34 लोगों की जमीन को एक एग्रीमेंट के तहत लेकर वहां लगभग 10 लाख पौधे लगाए जो अब पेड़ बन चुके हैं और इसके बाद रेलवे का मामला फसने की वजह से काम रुका पड़ा है। इस जंगल को बसाने वाले अनिल कुमार जोशी उनके परिजनों और मित्र इस जंगल को पहला मैन मेड फॉरेस्ट बताते हैं। बात नहीं बनी तो मामला हाईकोर्ट तक पहुंच गया।

पेंच क्यों फंसाः दरअसल अनिल कुमार जोशी ने जंगल में सात लाख से ज्यादा शहतूत और बाकी तीन लाख में कुछ संतरे, आम और दूसरे फलों के पेड़ लगाए हैं। नियम के मुताबिक जमीन जिसकी होती है मुआवजा उसी को मिलता है। नियमों के तहत एक फलदार पेड़ खास करके संतरे के प्लांट की कीमत 2196 रुपये होती है। इसी तरह उनके बगीचे का मुआवजा 400 करोड़ रुपये होता है। मामला इसलिए हाईकोर्ट पहुंचा क्योंकि रेलवे द्वारा शहतूत के पेड़ को फलदार वृक्ष नहीं माना गया और पृथ्वी पर उसके सारे चार रुपये ही लगाई गए। किसी के बाद जोशी हाईकोर्ट पहुंचे तो जज ने उद्यान विभाग से पूछा कि क्या शहतूत के पेड़ को फलदार माना जा सकता है इस पर उद्यान विभाग ने उसे फलदार वृक्ष माना। यानी रेलवे को अब बाकी प्लांट के बराबर ही उसका भी मुआवजा देना होगा। फिलहाल यह मामला ट्राइब्यूनल में है जिसमें अभी जज की नियुक्ति नहीं हुई है। इस कारण भी मामला फंसा हुआ है।



# 20 फरवरी को जेपी नड्डा जनपद के शोरतगढ़ में ,सभा को करेंगे संबोधित







दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थ नगर। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 के मद्दे नजर को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रसाद नड्डा का पूर्वांचल में पहली जनसभा आगामी 20 फरवरी को भाजपा अपना दल गठबंधन से शोहरतगढ़ विधानसभा से प्रत्याशी विनय वर्मा के समर्थन में विशाल जनसभा को संबोधित करने आ रहे हैं। इससे यह साबित होता है कि भारतीय जनता पार्टी व उसके सहयोगी गठबंधन दलों का एक अटूट रिश्ता है।

शुक्रवार की शाम राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का 20 फरवरी को जनपद सिद्धार्थनगर में कार्यक्रम तय होने की सूचना मिलते ही जनपद सिद्धार्थनगर में कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल दिखा। इस संबंध में डुमरियागंज सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि जिस दिन भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में योगी आदित्यनाथ जी को मुख्यमंत्री बनाए जाने की घोषणा की गई, उसी दिन उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल सहित संपूर्ण उत्तर प्रदेश के विकास की गाथा रच दी गई थी। जिसका परिणाम रहा कि उत्तर प्रदेश का पूर्वांचल जो पिछड़े क्षेत्रों में गिना जाता था वह गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद प्रदेश का पूर्वांचल क्षेत्र विकास के नए आयाम को छूने लगा।

जिसका परिणाम रहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पूर्वांचल को अयोध्या में प्रभु श्री राम का भव्य मंदिर का शिलान्यास, एम्स निर्माण, फर्टिलाइजर, नौ मेडिकल कालेज निर्माण, कुशीनगर एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय स्तर का दर्जा मिलना, सैकड़ों रेल परियोजनाएं सहित अति महत्वाकांक्षी अनेकों योजनाओं को धरातल पर उतार कर पूर्वांचल को एक अमित सौगात दी है तथा इस विधानसभा चुनाव में भी पूर्वांचल की जनता ने मोदी योगी के विकास कार्यों को समर्थन देते हुए भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने को तैयार खड़ी है उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आगमन से पूरा पूर्वांचल योगी जी के नेतृत्व में भगवा में होने को तैयार है उन्होंने जनपद सिद्धार्थनगर के जनपद वासियों से राष्ट्रीय अध्यक्ष के कार्यक्रम में भारी से भारी संख्या में सम्मिलित होने की अपील की है। जेपी नड्डा के कार्यक्रम को देखते हुए डुमरियागंज के सांसद जगदंबिका पाल ने कमान अपने हाथ में ले लिया है लगातार शोरतगढ़ क्षेत्र में शुक्रवार को दौड़ते नजर आए साथ ही जेपी नड्डा के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भी हेलीपैड से लेकर जनसभा की पूरी तैयारी अपने देखरेख में तैयार करवाते नजर आए।

# भाजपा अपना दल समर्थित प्रत्याशी विनय वर्मा अपना दल के कार्यकर्ताओं का नहीं कर पा रहे सम्मान

चंदन कुमार श्रीवास्तव/ दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। भाजपा अपना दल समर्थित प्रत्याशी विनय वर्मा कार्यकर्ताओं व अपने सहयोगियों को सहेजने में असफल दिख रहे हैं। लगातार भाजपा कार्यकर्ता,पदाधिकारी मुंह फिरआए घूम रहे हैं। भाजपा अपना दल ने शोहरतगढ़ विधानसभा सीट पर गोरखपुर के निवासी विनय वर्मा को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। विनय वर्मा अपने बाहरी समर्थकों के साथ प्रचार प्रसार में जुटे हैं। स्थानीय कार्यकर्ताओं को सम्मान नहीं दे पा रहे हैं। प्रत्याशी घोषित होने की तत्काल ही शोहरतगढ़ निवासी पूर्व नगर अध्यक्ष अपना दल बृजेश वर्मा अपने समर्थकों के साथ विनय









- **कैसे पार होगी शोहरतगढ़ विधानसभा की नैया**
- **क्या भाजपा कार्यकर्ताओं को सन्यास लेने का वक्त आ गया है**

वर्मा के प्रचार प्रसार में लग गए। तेजी से विधानसभा क्षेत्र में कार्यक्रम वह सारी चीजों की देखरेख करने लगे। 4 दिन के अंदर ही उनके साथियों व उनके द्वारा दुर्व्यवहार होने पर विनय वर्मा से अलग होने का फैसला किया। अपने समर्थकों के साथ विनय वर्मा के साथ सोशल मीडिया पर साथ न देने का हवाला किया। जब अपना दल के पदाधिकारियों को ही विनय वर्मा सम्मान नहीं दे पा रहे हैं, तो विधायक बनकर जनता को कितना सम्मान देंगे यह चिंताजनक बात है। आखिर भाजपा अपना दल की नैया कैसे पार होगी वह तो 10 मार्च को ही पता चलेगा। शोहरतगढ़ से भाजपा कार्यकर्ताओं को सन्यास लेने की जरूरत है। क्या अब शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा कार्यकर्ताओं को सन्यास लेने का समय आ गया है जो भारतीय जनता पार्टी की टिकट पर चुनाव लड़ने का अधिकार रखते है। आकड़ो पर गौर करें तो शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र भारतीय जनता पार्टी का गढ़ माना जाता रहा है। विधानसभा चुनाव में विधायकों को शोहरतगढ़ का प्रतिनिधित्व करने का मौका दिया। 11वी विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने अपने सहयोगी दल की पार्टी अपना दल से अमर सिंह चौधरी ने चुनाव जीता। अब 2022 के चुनाव में भाजपा अपना दल ने पुनः बाहरी प्रत्याशी विनय वर्मा को अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया। क्या भाजपा कार्यकर्ताओं के संन्यास लेने का वक्त आ गया है।

# विनय वर्मा पर बिना अनुमति पत्र के पार्टी कार्यालय खोलने पर कार्यवाही

### कृष्ण कुमार श्रीवास्तव–जे0ई0 नलकूप खण्ड ने किया विधिक कार्यवाही

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार प्रत्येक विधान सभा में उड़न दस्ता टीम चल रही है। 17.02.2022 शुक्रवार को कृष्ण कुमार श्रीवास्तव–जे0ई0 नलकूप खण्ड सिद्धार्थनगर टीम विधानसभा शोहरतगढ़ द्वारा थाना शोहतगढ़ पर प्रार्थना पत्र दिया गया कि मै शोहरतगढ़–बढ़नी मार्ग पर भ्रमणशील था कि देखा तो विनय वर्मा प्रत्याशी विधानसभा शोहरतगढ़ अपना दल (एस) अपने कार्यालय पर अपने कई समर्थको के साथ मिल रहे थे। मेरे द्वारा पार्टी कार्यालय खोलने की अनुमति पत्र मांगा गया तो नही प्रस्तुत कर सके, जो आचारसंहिता का उल्लघंन है, को लेकर थाना स्थानीय पर एनसीआर नं0–18ध्2022 धारा 171एच भादवि विरूद्ध उपरोक्त पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी है।

# भाजपा सरकार में सिर्फ हुआ जनता का उत्पीड़नः जिप्पी

ज्ञानेश्वर पांडेय/दैनिक बुद्ध का संदेश

डुमरियागंज।राजनीतिक सरगर्मियों को देखते हुए पूर्व विधायक जिप्पी तिवारी अपने भाई बसपा से प्रत्याशी इं अशोक तिवारी के समर्थन में मैदान में उतर चुके हैं।जिप्पी तिवारी लगातार क्षेत्र में अपने भाई के लिए जनसंपर्क कर रहे हैं और मंच भी साझा कर रहे हैं। गुरूवार को डुमरियागंज विधानसभा में जन चौपाल को संबोधित करते हुए जिप्पी तिवारी ने कहा कि मैंने अपना सम्पूर्ण जीवन भारतीय जनता पार्टी के लिए समर्पित किया था लेकिन हमेशा से हमारे परिवार का उत्पीड़न होता रहा है जनता सब जानती है आने वाले 3 मार्च को डुमरियागंज की जनता हाथी का बटन दबाकर इं अशोक तिवारी को अपना विधायक बनाकर हमारे परिवार के साथ हुए उत्पीड़न का जवाब देने का काम करेगी।



# बढनी में बना अस्थायी गोवंश आश्रय

### जनपद 76 गोवंश आश्रय स्थल क्रियाशील

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। निराश्रित गौवंश हेतु ग्राम पंचाय रेडवरिया विका खण्ड बढनी में एक नये अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल का








निर्माण कराया गया। इसके निर्माण लगभग 3 एकड क्षेत्रफल में हुआ है। इसमें गौवंश के छुट्टा पशुओं के रखदृरखाव की समुचित व्यवस्था की गयी है। निर्मित अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल में लगभग 250 पशु संरक्षित किये जा सकते है। इसको लेकर विकास खण्ड बढनी में अबतक कुल 06 एवं जनपद में कुल 76 गोवंश आश्रय स्थल क्रियाशील है।

# मतदान केन्द्रो का जिलाधिकारी दीपक मीणा ने किया निरीक्षण









दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 को सकुशल, निष्पक्ष, स्वतन्त्र एवं भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराये जाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारीध्जिलाधिकारी दीपक मीणा, सामान्य प्रेक्षक विधानसभा डुमरियागंज भीष्म कुमार तथा पुलिस अधीक्षक डा0 यशवीर सिंह द्वारा मतदान हेतु बनाये गये मतदान केन्द्र प्राथमिक विद्यालय बनगाई नानकार, वि0ख0 डुमरियागंज का निरीक्षण किया गया।

इसके पश्चात जिला निर्वाचन अधिकारीध्जिलाधिकारी दीपक मीणा, तथा पुलिस अधीक्षक डा0 यशवीर सिंह द्वारा मतदान हेतु बनाये गये मतदान केन्द्र प्राथमिक विद्यालय कुसम्ही तैयबपुर, वि0ख0–भनवापुर, पूर्व माध्यमिक विद्यालय हथपरा वि0ख0भनवापुर, उच्च प्राथमिक विद्यालय, भनवापुर, प्राथमिक विद्यालय सगराजोत वि0ख0 इटवा तथा मॉडल प्राइमरी स्कूल, इटवा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मतदान केन्द्र पर बिजली, शौचालय, रैम्प, फर्नीचर हैण्ड पम्प ठीक हालत में है। बी.एल.ओ. से वोटर लिस्ट के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने तहसीलदारध्खण्ड विकास अधिकारी को जहां पर कोई भी कमी हो तो उसे तत्काल ठीक कराने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान उपरोक्त के अतिरिक्त संबधित उपजिलाधकारी, तहसीलदार, खण्ड विकास अधिकारी तथा अन्य संबधित उपस्थित थे।

# बुजुर्ग मतदाताओं तथा दिव्यांग मतदाताओं का मतदाता 22 को

महराजगंज। विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 में 80 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग मतदाताओं व दिव्यांग मतदाताओं से पोस्टल बैलेट से मतदान करवाने के संदर्भ में अपर जिलाधिकारी डॉ. पंकज कुमार वर्मा द्वारा संबंधित सेक्टर मजिस्ट्रेटों व मतदान अधिकारियों को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण सत्र में अपर जिलाधिकारी द्वारा सभी मतदान अधिकारियों को पोस्टल बैलेट से मतदान के संदर्भ में सभी बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी गयी।

उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान मतदान की पूरी प्रक्रिया, प्रारूप 13।, 13ठ व 13ब के साथ संलग्न प्रारूपों को भरने के संदर्भ में जानकारी दी। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों व मतदानकार्मिकों को निर्देशित करते हुए कहा कि पोस्टल बैलेट से घर जाकर मतदान सभी लोग पहली बार करा रहे हैं। इसलिए प्रत्येक बिंदु को अच्छी तरह समझ लें, ताकि मतदान के दिन कोई छोटी सी भी गलती न होने पाये। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मत महत्वपूर्ण है इसलिए प्रत्येक वोट सही ढंग से कराना सुनिश्चित करें। जनपद में पोस्टल बैलेट से मतदान 22 फरवरी को कराया जाएगा। इसके लिए 23 फरवरी को रिजर्व दिन भी रखा गया है। इस अवसर पर संबंधित आर.ओ. ध्ए. आर.ओ., सेक्टर मजिस्ट्रेट, माइक्रो ऑब्जर्वर और मतदानकार्मिक उपस्थित रहे।

# प्रेक्षक ने मतदान केंद्रों की हकीकत जानी

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 के प्रेक्षक





कमलकान्त सरोच ने मतदेय स्थल खलीलपुर, रामगढ़, रमजान नगर, दुल्हाखुर्द, गढ़मोर, बूढा, रसियावल खुर्द, भरमी आदि बूथों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा से दिये। इस अवसर पर लाइजनिंग अफसरध्सब रजिस्ट्रार नौगढ़ सुनील कुमार, थानाध्यक्ष मोहना जय प्रकाश दुबे, सुपरवाइजर रामकरन गुप्ता, राहुल कुमार त्रिपाठी, अजीत गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# सम्पादकीय

**यह ठीक है कि देश की सुरक्षा व डेटा गोपनीयता के चलते पहले चरण में 267 और दूसरे चरण में 54 एप्स को प्रतिबंधित करके चीन को भारतीय संप्रभुता का अहसास कराया गया है, लेकिन चीन के आर्थिक मंसूबों पर पानी फेरने के लिये अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। गाहे-बगाहे अड़ियल रवैया अपनाने तथा सीमा पर ...**

## चीनी एप्स पर रोक

देश ने एक साल के अंतराल के उपरांत एक बार फिर चीन से जुड़े एप्स पर लगाम लगायी है। यह कदम सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा के लिये उभरते खतरे और डेटा गोपनीयता की चिंताओं के मद्देनजर उठाया है। चीन से संबंध रखने वाले इन 54 एप्स पर रोक लगाने के बाद गूगल और एप्पल ने इन एप्स को अपने प्ले स्टोर्स से अस्थायी रूप से हटा दिया है। आरोप है कि उपयोगकर्ताओं की महत्वपूर्ण सूचनाएं और संवेदनशील जानकारी जुटाकर ये एप्स चीन स्थित सर्वरों को भेज रहे थे। इतना ही नहीं, जिन एप्स को पिछले साल प्रतिबंधित किया गया था, वे नाम बदलकर फिर से सक्रिय कर दिये गये थे। यह कदम ऐसे वक्त में उठाया गया है जब लद्दाख में करीब दो साल से जारी टकराव के बावजूद चीन के आर्थिक हितों को नियंत्रित करने के भारत के प्रयास सार्थक होते नजर नहीं आते। तमाम कूटनीतिक व सैन्य टकराव के तेवरों के बावजूद चीन के कारोबार में लगातार वृद्धि नीति-नियंताओं के लिये चिंता का विषय होना चाहिए। आज भी भारत चीन से होने वाले आयात पर बहुत अधिक निर्भर है। इस पड़ोसी देश से भारत का व्यापार घाटा 2021 में बढ़कर 69.4 अरब डॉलर हो गया है। यह घाटा वर्ष 2020 में 45.9 अरब डॉलर तथा वर्ष 2019 में 56.8 अरब डॉलर था। इतना ही नहीं, चीन के साथ भारत का द्विपक्षीय व्यापार पिछले साल 44 फीसदी बढ़ा है, क्योंकि आयात में रिकॉर्ड 46 फीसदी की वृद्धि हुई। वहीं निर्यात में 35 फीसदी की बढ़ोतरी के आंकड़े चीन के साथ कारोबार में बढ़त को दर्शाते हैं। यही वजह है कि अमेरिका के बाद चीन भारत का दूसरा बड़ा व्यापारिक साझेदार है। दरअसल, जून 2020 में गलवान घाटी में चीनी सेना के साथ हुए संघर्ष के बाद भारत ने चीनी कंपनियों के ऐप्स को ब्लॉक करना तथा प्रतिबंधित करना प्रारंभ किया था। तब राष्ट्रीय सुरक्षा के लिये मोबाइल एप्लिकेशन पर प्रतिबंध लगाने पर चीन ने तल्ख प्रतिक्रिया दी थी। दरअसल, सीमा पर दादागीरी करने के बावजूद चीन ये मुगालता पाले बैठा था कि दुनिया के अन्य देशों के बाजार के खिलाडियों की तरह चीन को भी भारत में खुला खेल खेलने का मौका दिया जाता रहेगा। यहां तक कि वह विश्व व्यापार संगठन के नियमों की दुहाई देते हुए भारत पर भेदभाव के आरोप लगाता रहा है। हालांकि, चीन के प्रमुख व्यापार साझेदारों आसियान, यूरोपीय संघ व अमेरिका की तुलना में भारत का कारोबार काफी कम है, लेकिन इसके बावजूद चीन भारत के बड़े बाजार को देखते हुए अपने पांव पसारने के लिये हमेशा आतुर रहा है, ताकि वह अपने अधिकतम लाभ के लक्ष्यों को हासिल कर सके। दरअसल, रणनीतिक रूप से चीन सीमा विवाद और व्यापारिक संबंधों को अलग करने में किसी हद तक सफल रहा है। दलील दी जाती रही है कि दोनों मुद्दे विभाजित नहीं किये जा सकते क्योंकि भारत के आयात गहन क्षेत्रों में हैं और भू-आर्थिक वास्तविकताओं से अलग हैं। लेकिन यह भी हकीकत है कि चीनी एप्स पर प्रतिबंध लगाने से ड्रैगन के आर्थिक कारोबार पर कोई खास असर नहीं पडने वाला क्योंकि अन्य आर्थिक क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य हासिल करने में लंबा वक्त लगेगा। वास्तव में भारत को बीजिंग पर अपनी आर्थिक निर्भरता कम करने के लिये व्यावहारिक व दीर्घकालिक विकल्पों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। केंद्र सरकार को चाहिए कि भारतीय बाजार को चीनी सामान का डंपिंग ग्राउंड बनाने से रोकने के लिये सख्त नियमों को लागू करे।

## कविता

### नेता जी लगे हैं...

उम्मीदवार सबको रिझाने में लगे हैं,
ले- दे के वोटरों को मनाने में लगे हैं ।।

जिनको टिकट मिला, वो चले गांव-गांव में,
जो बे-टिकट हैं, दांव दिखाने में लगे हैं ।।

करने विकास आपका, आए हैं दूर से,
परदेशी नेता सबको बताने में लगे हैं ।।

सच्चे जमीनी नेता टिकट ही न पा सके,
बेचारे अपना दर्द भुलाने में लगे है ।।

खुद अपने घर में जिनकी कोई हैसियत नहीं !
वो भी जिताने और हराने में लगे हैं ।।

जीते कोई या हार ही जाए चुनाव में !
कुछ लोग सिर्फ ड्यूटी कटाने में लगे हैं।।



सिद्धार्थनगर।
नियाज कपिलवस्तुवी/
दैनिक बुद्ध का संदेश

## अल्पसंख्यकों की पहचान के निर्धारण का प्रश्न

**शीर्ष अदालत में पहले से ही पांच समुदायों मुस्लिम, ईसाई, सिख, बौद्ध और पारसी को अल्पसंख्यक घोषित करने की केंद्र की अधिसूचना को चुनौती देने वाली याचिका लंबित है। उम्मीद की जानी चाहिए कि बहुसंख्यकों-अल्पसंख्यकों को लेकर चल रहे विवाद में केंद्र राष्ट्रीय स्तर पर अल्पसंख्यकों का दर्जा प्राप्त समुदाय के बहुमत वाले राज्यों में भी जमीनी स्तर पर अल्पसंख्यकों की पहचान के बारे में ...**

अनूप भटनागर

देश में राष्ट्रीय स्तर पर अल्पसंख्यकों को विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलता है। लेकिन अब लंबे समय से राज्य स्तर पर अल्पसंख्यक होने वाले समुदायों को भी अल्पसंख्यकों के लाभ उपलब्ध कराने की मांग जोर पकड़ रही है। सवाल उठ रहे हैं कि राज्य स्तर पर अल्पसंख्यक कौन हैं और ऐसे समुदायों की पहचान कर उन्हें अल्पसंख्यकों को मिलने वाली योजनाओं का लाभ क्यों नहीं दिया जा रहा है। दरअसल, कहीं-कहीं तो स्थानीय स्तर पर जनसांख्यिकीय स्वरूप परिवर्तित हो चुका है। इस संवेदनशील मुद्दे पर न्यायपालिका में भी मामला लंबित है।

शीर्ष अदालत में लंबे समय से मामला लंबित होने के बावजूद अल्पसंख्यकों के हितों और अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध होने का दावा कर रही सरकारें 10 राज्यों में अल्पसंख्यकों की पहचान करने के सवाल पर लगातार ढुलमुल रवैया अपना रही हैं।

अभी हाल ही में मद्रास उच्च न्यायालय का कहना था कि कन्याकुमारी में हिन्दू अल्पसंख्यक हैं जबकि जमीनी स्तर पर जनगणना में यह तथ्य परिलक्षित नहीं होता है। इसकी वजह श्क्रिप्टो क्रिश्चियनत्य होना बताया जाता है। उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति जीआर स्वामीनाथन ने हाल ही में एक फैसले में कहा था कि यद्यपि अनुसूचित जाति के हिंदुओं ने ईसाई धर्म अपना लिया है और वे इस धर्म का ही पालन करते हैं लेकिन आरक्षण का लाभ प्राप्त करने के लिए ये सभी रिकॉर्ड पर हिन्दू हैं। उच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि धर्म के संदर्भ में कन्याकुमारी की जनसांख्यिकीय स्थिति 1980 से ही बदल गयी है। यहां पर हिन्दू अल्पसंख्यक हैं लेकिन 2011 की जनगणना दूसरी तस्वीर पेश करती है। इस फैसले का उल्लेख करने की वजह उच्चतम न्यायालय द्वारा पिछले महीने राज्य स्तर पर अल्पसंख्यकों की पहचान कराने के मामले में केंद्र को अपनी स्थिति स्पष्ट करने के लिए अंतिम अवसर दिया जाना है। मुद्दा यह है कि देश के कई राज्यों में हिन्दू, बहाई और यहूदी वास्तविक अल्पसंख्यक हैं लेकिन उन्हें वहां अल्पसंख्यक का दर्जा प्राप्त नहीं है। इस वजह से इन समुदायों के लोग अपनी पसंद के शैक्षणिक संस्थान खोलने और उनका संचालन करने के अधिकार से वंचित हैं। इन राज्यों में अल्पसंख्यक होने के बावजूद इन समुदाय के सदस्यों को अल्पसंख्यकों के कल्याण की सुविधाएं भी नहीं मिलती हैं। भाजपा नेता और अधि िवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय ने इसी मुद्दे को लेकर शीर्ष अदालत में जनहित याचिका दायर कर रखी है। उपाध्याय चाहते हैं कि देश के पंजाब, कश्मीर, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, लक्षद्वीप, मिजोरम, लद्दाख और नगालैंड सहित कम से कम दस राज्यों में हिन्दू, बहाई और यहूदी समुदाय को अल्पसंख्यक घोषित किया जाए जहां वास्तव में ये अल्पसंख्यक हैं।

दूसरी ओर, लक्षद्वीप और जम्मू-कश्मीर में मुस्लिम बहुमत में हैं जबकि असम, पश्चिम बंगाल, केरल, उत्तर प्रदेश और बिहार में इस समुदाय की काफी बड़ी आबादी है लेकिन इन्हें यहां अल्पसंख्यक ही माना जाता है और उन्हें इनके निमित्त लाभ दिये जा रहे हैं।

उपाध्याय ने इसी परिप्रेक्ष्य में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थान कानून, 2004 की धारा दो (एफ) की वैधानिकता को भी चुनौती दे रखी है। याचिका के अनुसार, यह धारा मनमाने तरीके से अल्पसंख्यक घोषित करने की असीमित शक्ति सरकार को प्रदान करती है। उपाध्याय चाहते हैं कि न्यायालय केंद्र को राज्यवार अल्पंख्यकों की पहचान करने के दिशा-निर्देश जारी करने का निर्देश दे। लेकिन स्थिति यह हो गयी है कि अब न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति एमएम सुंद्रेश की पीठ ने सरकार अपनी स्थिति स्पष्ट करने के लिए अंतिम अवसर दिया है।

याचिका में उच्चतम न्यायालय के 20 साल पहले टीएमए पाई प्रकरण में दी गयी व्यवस्था का हवाला देते हुए कहा गया है कि इसमें न्यायालय ने राज्यवार अल्पसंख्यकों की पहचान करने की बात कही थी लेकिन इस पर आज तक अमल नहीं हुआ है।

यह तो न्यायिक समीक्षा के बाद ही स्पष्ट होगा कि क्या अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थान कानून के प्रावधान से किसी मौलिक अधिकार का हनन होता है या नहीं। लेकिन उपाध्याय का तर्क है कि इससे संविधान के अनुच्छेद 14 और 30 का हनन हो रहा है। उनका दावा है कि धार्मिक या भाषाई आधार पर अल्पसंख्यकों को अपनी पसंद के शिक्षण संस्थान स्थापित करने और उनके संचालन का अधिकार प्राप्त है। लेकिन कई समुदायों को इस अधिकार से वंचित किया जा रहा है। शीर्ष अदालत में पहले से ही पांच समुदायोंकृ मुस्लिम, ईसाई, सिख, बौद्ध और पारसी को अल्पसंख्यक घोषित करने की केंद्र की अधिसूचना को चुनौती देने वाली याचिका लंबित है। उम्मीद की जानी चाहिए कि बहुसंख्यकों-अल्पसंख्यकों को लेकर चल रहे विवाद में केंद्र राष्ट्रीय स्तर पर अल्पसंख्यकों का दर्जा प्राप्त समुदाय के बहुमत वाले राज्यों में भी जमीनी स्तर पर अल्पसंख्यकों की पहचान के बारे में अपने रुख से न्यायालय को अवगत करायेगा ताकि इस संवेदनशील विषय पर न्यायपालिका यथाशीघ्र अपनी सुविचारित व्यवस्था दे सके।

## किसान के खेत से गुजरेगी आत्मनिर्भरता की राह

**लेकिन बजट-2022 इस बारे में खामोश है। कृषि वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धात्मक बने इस हेतु सबसे बढ़िया उपाय है खेती को आर्थिक रूप से व्यवहार्य बनाना। यह तभी संभव है जब अगले 25 सालों के लिए बनाई गई रूप-रेखा में किसान को फसल की यथेष्ट कीमत और मौजूदा कृषि मंडी तंत्र को सुदृढ़ किया जाए। नई तकनीकों की आमद बेशक स्वागतयोग्य है, जिसमें ड्रोन और अगली पीढ़ी ...**

देविंदर शर्मा

ऐसा लगता है कि प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत बनाने वाले नजरिये की राह किसान के खेत से होकर गुजरती है। प्रधानमंत्री की देश के लिए अगले 25 सालों की दृष्टि, जिसको श्अमृतकालत्र कहा गया है, जो कि आजादी की 100वीं वर्षगांठ के लक्ष्यों से जुड़ा है, लगता है कि इसमें कृषि को अपेक्षित महत्व नहीं मिला।

वर्ष 2020 में बजट प्रस्तुत करते समय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने खेती में जान फूंकने को 16 सूत्रीय कार्ययोजना बताई थी। जहां इसमें किसानों की आय दोगुनी करने की सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया गया था वहीं उनके भाषण का ज्यादा जोर मंडी , उदारीकरण, कृषि-भूमि लीज कानून और अनुबंध-खेती पर रहा था, जिसका सीधा मंतव्य कॉर्पोरेट-कृषि व्यवस्था का रास्ता प्रशस्त करना था। बजट के इस अभिभाषण के चंद महीने बाद कृषि और मंडी सुधारों के नाम पर तीन विवादित कृषि कानून लाये गए, जिसका विरोध करने हेतु हजारों किसानों ने दिल्ली की दहलीज पर धरना दिया। लगभग साल भर चले किसान आंदोलन ने अंततरू सरकार को इन्हें वापस लेने को मजबूर किया।

संयोगवश किसानों का यह अभूतपूर्व ध ारना उस वक्त चला जो कोविड-19 का सबसे तीव्र प्रकोप वाला काल भी रहा। इस दौरान सख्त लॉकडाउन प्रतिबंधों की वजह से देश की आर्थिक विकास दर सिकुड़कर 2021-22 में 6.6 प्रतिशत रह गई। हताश कर देने वाले इस माहौल में कृषि और इससे संबंधित क्षेत्र की गतिविधियां ही एकमात्र अपनी जगह टिकी रहीं और अर्थव्यवस्था में सबसे चमकता सितारा बनकर उभरीं। वर्ष 2020-21 के वित्तीय सर्वे के मुताबिक, कृ षि में 3.6 फीसदी की वृद्धि हुई। इसके बाद आई कोविड महामारी की दूसरी लहर, जो सबसे घातक थी और फिलहाल अपेक्षाकृ त कम तीव्रता वाली तीसरी लहर चल रही है। लेकिन तब भी कृषि और इससे संबंधि ात क्षेत्रों ने एक बार पुनरू बढिया प्रदर्शन कर दिखाया। 2021-22 में यह पिछले साल के मुकाबले और प्रभावशाली यानी 3. 9 प्रतिशत रही। कृषि क्षेत्र, जो देश का सबसे बड़ा रोजगार प्रदाता है, उसका हिस्सा राष्ट्र की जीवीए (ग्रॉस वैल्यू एडेड) में 18.8 फीसदी रहा। वित्तीय सर्वे इस प्रदर्शन को किसानों की आय दोगुनी करने वाली कमेटी की सिफारिशों के अनुरूप बता रहे हैं। इस बात के मद्देनजर कि 2022 वह साल है, जिस तक सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने का ध्येय रखा था। इसके अलावा ऐसे समय में जब बाकी सब क्षेत्र पस्त हुए पड़े थे, जिन्हें आर्थिकी का पहिया कहा जाता है, इसके बावजूद कृषि ने असाधारण प्रदर्शन कर दिखाया। ऐसे में उम्मीद तो यह थी कि वित्तमंत्री 2022 के बजट में ऐसी घोषणाएं करतीं, जो न केवल खेती को बढ़ावा देने वाली बल्कि इस सख्त मेहनत के लिए किसानों की पीठ थपथपाने वाली होतीं। किंतु हैरानी की बात है कि इसमें किसानों की आय दोगुनी करने वाले बहुप्रचारित वादे का जिक्र तक नहीं है। आशा थी कि वित्तमंत्री यह बताएंगी कि इस ध्येय प्राप्ति में कितना पा लिया गया है। बाकी के लिए और कितने समय की जरूरत है। नोबेल पुरस्कार विजेता नॉरमैन बर्लोग ने एक दफा कहा था कि हमें उसको उत्साहित करने की जरूरत होती है जो सबसे तेज भाग रहा होता है। जब कृषि क्षेत्र ने इतना बढिया कर दिखाया है तो कम से कम इतनी उम्मीद थी कि प्रधानमंत्री-किसान सम्मान निधि योजना की राशि को दोगुना करके कृषक को मिलने वाली सीधी आय बढ़ाते। यह तरीका कृषक की कुछ भरपाई करने और धन्यवाद करने का सबसे आसान उपाय होता। जब से यह योजना वर्ष 2018 से शुरू हुई है, भूमि-मालिक किसान को 6,000 रुपये प्रति वर्ष मिलते हैं। इसको आसानी से बढ़ाकर 12,000 रुपये किया जा सकता था और साथ ही भूमिहीन कृ षक को भी 6,000 रुपये दिए जाते, जिन्हें फिलहाल लाभार्थी मूल्य से बाहर रखा हुआ है। जहां इस साल भी प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के लिए बजट की मद पिछले वर्ष जितनी 68,000 करोड़ रखी गई है, वे चाहते तो किसानों की सीध ी आय से मदद करने को यह 1 लाख करोड़ की जा सकती थी।

सिचुएशन एसेस्मेंट सर्वे फॉर एग्रीकल्चर हाउस होल्ड्स की नवीनतम रिपोर्ट-2019 (लॉकडाउन से पहले तक) बताती है कि औसतन कृषि-आय (इसमें गैर-कृषक गतिविधियां भी शामिल हैं) प्रति माह 10,286 रुपये बैठती है। यदि कुल आमदनी का वर्गीकरण कर विश्लेषण किया जाए तो केवल फसलों से होने वाली आय रोजाना महज 27 रुपये बैठती है। इससे स्पष्ट है कि देश में कृषि संत्रास क्यों कायम है। इसके पीछे मुख्य वजह उत्पादन में कमी होना नहीं बल्कि किसान की फसल का लगाया जाना वाला मूल्य जान-बूझकर कम रखना है।

कृषक का हक बनती कीमत सुनिश्चित करके निश्चिंत हो जाएं क्योंकि बाकी वह जानता है कि कौन-सी तकनीक इस्तेमाल करनी है। सरसों का उदाहरण लें, जहां इस बार का बाजार भाव पिछले साल रखे गए न्यूनतम समर्थन मूल्य 4,650 (इस साल यह 5050 रुपये) से बहुत तेज यानी 7,000 रुपये प्रति क्विंटल रहा है, लिहाजा रबी फसल चक्र में अभी तक 1 लाख हेक्टेयर रकबे में सरसों की बिजाई होने की खबर है। रोचक कि यह क्षेत्रफल कृषि मंत्रालय द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए लगाए अनुमानों से भी ज्यादा है। जाहिर है कि इस साल सरसों का रिकॉर्ड उत्पादन होने जा रहा है। यह प्राप्ति बिना किसी उच्च तकनीक और डिजिटल तंत्र के होगी। यहां महत्वपूर्ण सबक लेने को है कि उचित मूल्य वह सर्वश्रेष्ठ प्रोत्साहन है, जिसकी दरकार किसान को है। लेकिन खाद्य-स्फीति नियंत्रण में रहे, यह सुनिश्चित करने को कृषि उत्पाद मूल्य जान-बूझकर नीचे रखा जाता है। इसका मतलब है कि यह किसान ही है जिसे खाद्यान्न मूल्य कम रखने का असल खमियाजा भुगतना पड़ता है और इसकी भरपाई करने की जरूरत है। इसीलिए यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि कृषि उत्पाद की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम पर न होने पाये।



## देवरिया में 13 मिले कोरोना संक्रमित, 2594 की रिपोर्ट निगेटिव

देवरिया। जिले में कोरोना संक्रमण की रफ्तार धीरे–धीरे कम हो रही है। पाजिटिव अगर हर रोज आ रहे हैं तो तेजी से कोरोना संक्रमित स्वस्थ भी हो रहे हैं। कोरोना संक्रमण रोकने का हर संभव प्रयास स्वास्थ्य विभाग कर रहा है और काफी हद तक उसमें सफल भी रहा है। आई कोरोना जांच रिपोर्ट में 13 पाजिटिव व 2594 निगेटिव आए हैं। सभी पाजिटिव को होम आइसोलेशन में भर्ती कर उन्हें दवा इलाज मुहैया कराया जा रहा है। जिले में कोरोना के सक्रिय केस की संख्या अब 131 हो गई है। संक्रमण रोकने के लिए अभी भी अधिक से अधिक कोरोना जांच पर जोर दिया जा रहा है। जिला अस्पताल में कोरोना जांच के लिए लोग लाइन लगा कर खड़े दिखे। शहर से लेकर गांव तक स्वास्थ्य विभाग टीम बना करक केंद्रों पर जांच करा रहा है। जिससे अधिक से अधिक कोरोना के मरीजों को चिह्नित किया जा रहा है। सीएमओ डा. आलोक पांडेय ने कहा कि आज कोरोना के 13 नए मामले आए हैं। सभी को होम आइसोलेशन में भर्ती कर उनका इलाज किया जा रहा है। उनके संपर्क में आने वाले लोगों की कोविड जांच की जा रही है।

## सोनूघाट–महुआनी टूलेन पर अप्रैल से फर्राटा भर सकेंगे वाहन

देवरिया। सोनूघाट–महुआनी टूलेन के निर्माण कार्य में तेजी आ गई है। 31 मार्च तक निर्माण कार्य पूरा होने की उम्मीद है। अप्रैल से वाहन आराम से फर्राटा भर सकेंगे। फिलहाल वाहनों के आवाजाही लायक सड़क को बना दिया गया है। सोनूघाट से महुआनी सड़क कई वर्षों से खस्ताहाल थी। इस सड़क को लेकर पूर्व के वर्षों में राजनीतिक व किसान संगठनों की तरफ से आंदोलन किए जाते रहे हैं। जनप्रतिनिधियों के प्रयास से फरवरी 2021 में इसे टूलेन किए जाने की प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति मिली। स्वीकृत लागत 15 करोड़ 37 लाख 30 हजार रुपये के सापेक्ष प्रथम किस्त के रूप में 3.07 करोड़ अवमुक्त हुए। मई व जून 2021 में कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर के कारण कार्य देरी से शुरू हुई। शासन ने 3.843 करोड़ रुपये का दूसरा किस्त भी अवमुक्त किया। बारिश व धन की कमी से कार्य की गति सुस्त रही लेकिन मौसम सही होने के बाद कार्य में तेजी आ गई है। अबतक 60 प्रतिशत कार्य कराए जा चुके हैं। सीमेंट व इमल्शन के साथ गिट्टी मिलाकर पांच किलोमीटर तक बिछा दी गई है। जबकि इसके ऊपर एक किलोमीटर तक गिट्टी बिछाई गई है। लोक निर्माण विभाग की तरफ से शेष धन की मांग शासन से की गई है। प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता एसए अब्बास ने बताया कि अभी पूरा धन नहीं मिला है। शेष धन की मांग शासन से की गई है। निर्माण कार्य में तेजी लाते हुए 60 प्रतिशत कार्य कराया जा चुका है। 31 मार्च तक सड़क निर्माण कार्य पूरा होने की उम्मीद है।

## जिला कारागार का निरीक्षण कर देखी हकीकत, बंदियों से की बात

देवरिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व न्यायाधीश आरिफ निसामुद्दीन खान ने जिला कारागार का हाल जाना। उन्होंने बैरकों के साथ ही पाकशाला व चिकित्सालय का निरीक्षण किया। शिविर के माध्यम से कारागार में निरुद्ध बंदियों को विधिक जानकारी दी गई। उन्होंने कारागार की बैरकों, पाकशाला व चिकित्सालय में निरंतर साफ–सफाई रखने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान मीन्यू के अनुसार,भोजन में रोटी, चावल, दाल व सब्जी बनाए जाने की जानकारी हुई। उन्होंने महिला बंदियों के लिए पौष्टिक भोजन और उनके साथ रह रहने वाले बच्चों के लिए दूध, शिक्षा व्यवस्था करने, साफ–सफाई व दवा की व्यवस्था के लिए निर्देश दिए। सचिव ने कारागार में स्थापित लीगल ऐड क्लीनिक का भी हाल जाना। उन्होंने कहा कि यदि किसी बंदी को विधिक सहायता की आवश्यकता हो तो वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अपनी समस्या का निस्तारण करा सकता है। यदि किसी बंदी को अपने मामले में पैरवी की आवश्यकता हो तो वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की तरफ से निश्शुल्क अधिवक्ता प्राप्त कर विधिक सहायता ले सकता है। बाल संरक्षण अधिकारी जयप्रकाश तिवारी ने बंदियों के बच्चों के अधिकारों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यदि आपके बच्चे नाबालिग हैं और पढ़ना चाहते हैं तो कारागार में रहकर भी पढ़ा सकते हैं। यह आपका अधिकार है। उन्होंने बच्चों के जीवन जीने का अधिकार, विकास का अधिकार, सुरक्षा का अधिकार व सहभागिता का अधिकार के बारे में बताया। इस मौके पर प्रभारी जेल अधीक्षक राजकुमार, उप कारापाल केके दीक्षित, वन्दना त्रिपाठी व वन्दना, चिकित्साधिकारी डा. संजय गुप्ता व डा. हरिपाल विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

## सऊदी अरब में युवक को बनाया बंधक, पुत्र ने लगाई गुहार

देवरिया। सऊदी अरब कमाने गए युवक को बंधन बनाए जाने का मामला प्रकाश में आया है। डेढ़ साल से उनका पता नहीं चल पा रहा है। परिवार वाले घबराए हुए हैं। उनके पुत्र फखरुद्दीन अन्सारी ने डीएम से लेकर विदेश मंत्रालय को पत्र भेजकर तलाश कराने व भारत वापसी की गुहार लगाई है। महुआडीह थानाक्षेत्र के बरनई गांव के रहने वाले 42 वर्षीय अनवर अली दो जुलाई 2019 को नौकरी के लिए सऊदी अरब गए। उन्हें नौकरी भी मिल गई। अगस्त 2020 तक स्वजन से फोन पर बात होती रही लेकिन उसके बाद फोन आना बंद हो गया। उन्होंने अगस्त 2020 में घर आने की बात कही थी। स्वजन का आरोप है कि जिस व्यक्ति के यहां नौकरी कर रहे हैं। उसने बंधक बना लिया है। वह भारत वापस जाने नहीं दे रहा है। तभी से संपर्क करने के प्रयास में लगे हैं, लेकिन उनका पता भी नहीं चल रहा है। फखरुद्दीन ने बताया कि मेरे पिताजी को सऊदी अरब में बंधक बना लिया गया है। डेढ़ साल से उनका पता नहीं चल रहा है। वह कुछ माह पहले दिल्ली गए थे। विदेश मंत्रालय के अधिकारियों से मिले, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। एडीएम प्रशासन कुंवर पंकज ने बताया कि इस तरह की जो शिकायतें प्राप्त होती हैं। उसमें विदेश मंत्रालय से पत्राचार होता है। इस मामले में भी कार्रवाई के लिए विदेश मंत्रालय को पत्र भेजा जाएगा। परिवार में पत्नी के अलावा दो पुत्र व दो पुत्रियांः अनवर अली के परिवार में पत्नी नूरजहां खातून के अलावा पुत्र दो पुत्र व दो पुत्रियां हैं। बड़े पुत्र फखरुद्दीन अन्सारी लखनऊ से बीटेक की पढ़ाई कर रहे हैं। उनके बाद पुत्री रेहाना खातून इंटर व सुबीना खातून नौंवी, सबसे छोटा पुत्र आसिफ छठवीं कक्षा का छात्र है। सभी पिता के वापस आने की बाट जोह रहे हैं।

## दौड़ के आयोजन से किया मतदाओं को जागरूक

महराजगंज। मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत रन फार वोट कार्यक्रम के तहत युवाओं ने स्टेडियम से पेट्रोल पंप और वहां से पुलिस लाइन तक दौड़ लगाकर मतदान के लिए जागरूक किया। डीएम सत्येन्द्र कुमार ने बताया कि जनपद में लगातार लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में 100 से अधिक युवाओं ने दौड़ लगाकर लोगों को जागरूक किया है। मतदान के दिन लोग अपने घरों से निकलकर वोट जरूर करें। एडीएम डा. पंकज कुमार वर्मा ने कहा कि मतदान करना प्रत्येक मतदाता का अधिकार है। हर मतदाता अपने इस अधिकार का प्रयोग करे। इस अवसर डीएम ने लोगों को मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में स्वीप अधिकारी व जिला विद्यालय निरीक्षक अशोक कुमार सिंह, तहसीलदार सदर राजेश कुमार श्रीवास्तव, उप जिला क्रीड़ा अधिकारी धर्मेंद्र कुमार, जिला सूचना अधिकारी प्रभाकर मणि त्रिपाठी समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

# सरकार की सख्ती से भागे अपराधी, घटा अपराध

देवरिया। सूबे की सरकार ने कानून व्यवस्था को प्राथमिकता में रखा। लोगों की हिफाजत के लिए पुलिस के नए थाने खोले गए। सरकार की सख्ती का असर यह रहा कि पांच साल पहले की तुलना में सभी तरह के अपराध में काफी कमी आई। महिलाओं के साथ बलात्कार, अपहरण, लूट, हत्या व हत्या के प्रयास जैसी घटनाओं में काफी कमी आई है। पुलिस अपराध व अपराधियों के विरुद्ध शिकंजा कसने में अव्वल रही। इस बात की गवाही आंकड़े कर रहे हैं। अपराध में आई कमी पुलिस के साथ आम लोगों को भी राहत देने वाली है। वर्ष 2016 और 2021 की बात करें तो अपराध के आंकड़ों में फर्क साफ झलक रहा है। वर्ष 2016 के मुकाबले वर्ष 2021 में 113 आपराधिक मामलों में कमी आई है। वर्ष 2016 में जहां 2579 तो वर्ष 2021 में कुल 2466 मामले दर्ज किए गए। जनपद में पिछले वर्ष डकैती की एक भी घटना नहीं हुई। जबकि 2016 में डकैती का एक मामला दर्ज किया गया था। पिछले वर्ष अपराधियों के विरुद्ध शिकंजा कसने में भी पुलिस आगे रही। वर्ष 2016 के मुकाबले वर्ष 2021 में तीन गुणा लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। वर्ष 2016 में 29021 तो वर्ष 2021 में 90105 लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चालान किया और गिरफ्तार कर जेल भेजा। पुलिस ने अवैध शस्त्र रखने वालों पर शिकंजा कसा। इसी तरह जुआरियों, गांजा तस्करों, सरकारी खाद्यान्न की कालाबाजारी करने वालों, अवैध शराब व कच्ची बनाने व बेचने वालों, भ्रष्टाचारियों, गुंडों व बदमाशों के विरुद्ध कार्रवाई करने में पीछे नहीं रही। पिछले वर्ष पुलिस ने छह के विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत कार्रवाई की, जिसमें बलात्कार के आरोपित भी शामिल थे। पुलिस ने अपहृत 90 बालिकाओं को बरामद किया। भारी, चारपहिया व दोपहिया वाहनों की चोरी के अंतरराज्यीय व अंतरजनपदीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश किया। पुलिस ने 47 इनामी अपराधियों को पकड़ा, जिसमें 50–50 हजार के दो, 25–25 हजार के 23, 20–20 हजार के तीन, 15–15 हजार के 15, 12 हजार के एक,10–10 हजार के दो, पांच हजार का एक अपराधी शामिल है। 17 अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली गई। आपराधिक प्रवृत्ति या इतिहास वाले कुल 124 शस्त्र लाइसेंस धारकों को चिह्नित कर 119 के लाइसेंस निलंबित व पांच के शस्त्र लाइसेंस निरस्त कराए गए। आबकारी अधिनियम के तहत वर्ष 2016 में जहां 1221 तो वर्ष 2021 में 2021 लोगों को गिरफ्तार किया गया। दो नए थाने और कई पुलिस चौकियां खुलींः जनपद में कानून–व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए प्रदेश सरकार की तरफ से नवीन थानों व रिपोर्टिंग पुलिस चौकियों की स्थापना की गई। जनपद में बरियापुर और महुआडीह में नवीन थाना और सलेमपुर में रिपोर्टिंग पुलिस चौकी व खरवनिया में पुलिस चौकी की स्थापना की गई। गढ़रामपुर में भी नवीन पुलिस चौकी की स्वीकृति मिली।

## मेडिकल कालेज में एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए चाहिए शव, तलाश शुरू

देवरिया। महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज में छात्रों की पढ़ाई के लिए प्रधानाचार्य ने शवों की तलाश शुरू कर दी है। एनाटामी विभाग में इसके जरिए छात्रों को पढ़ाया जाएगा। कक्षाएं शुरू होते ही पढ़ाई के लिए शवों की आवश्यकता पड़ेगी। इसके लिए प्रधानाचार्य ने जिलाधिकारी को पत्र लिख कर लावारिस शवों को कानूनी प्रक्रिया के तहत उपलब्ध कराने को कहा है। मेडिकल कालेज में एनाटामी, फीजियोलाजी, बायोकेमेस्ट्री व कम्युनिटी मेडिसीन की पढ़ाई शुरू हो गई है। कुल 85 छात्रों ने प्रवेश ले लिया है। 14 फरवरी से छात्र मेडिकल कालेज में पढ़ाई के आना भी शुरू कर दिए हैं। छात्रों को हास्टल भी एलाट कर दिया गया है। एनाटामी विभाग में मानव के शरीर की संरचना, हड्डी, नस व मांस पेशियों के बारे में पढ़ाया जाता है। इसके लिए मानव शव की आवश्यकता पड़ती है। एनाटामी विभाग में शवों को रखने का इंतजाम भी कर लिया गया है। लेकिन अभी शवों का कोई इंतजाम नहीं हो सका है। मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य ने जिलाधिकारी को पत्र लिख कर लावारिस शव उपलब्ध कराने को कहा है। जिससे छात्रों की पढ़ाई का कार्य शुरू हो सके। इन शवों के उपलब्ध होने पर प्रोफेसर मेडिकल छात्रों को मानव अंगों के बारे में पढ़ाएंगे। डीएम आशुतोष निरंजन ने इस संबंध में पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर शव उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। एनाटामी विभाग में मेडिकल के छात्रों को पढ़ाने के लिए मानव शवों की आवश्यकता है। एमबीबीएस में प्रवेश के बाद छात्र अब आ रहे हैं। बहुत जल्द पढ़ाई का कार्य भी शुरू हो जाएगा। ऐसे में कानूनी प्रक्रिया के तहत लावारिस मानव शवों की मांग जिलाधिकारी से की गई है।

## गांव से बूथ की दूरी अधिक होने पर प्रेक्षक नाराज

परतावल। पनियरा विधानसभा के चुनाव प्रेक्षक केआरबीएचएन चक्रवर्ती ने परतावल के कई पोलिग बूथों का निरीक्षण कर जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने पोलिग बूथों पर सफाई के निर्देश दिए। कुछ बूथों की दूरी अधिक होने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। प्रेक्षक ने धनहा नायक, मोहद्दीनपुर, बनकटिया, बसहिया बुजुर्ग बूथ की हकीकत जानी। सबसे पहले धनहा नायक पहुंचे जहां ग्राम पंचायत चुनाव में प्रत्याशियों के बीच हार–जीत का अंतर जाना। मतदाताओं की संख्या जानने के बाद बीएलओ के क्या कार्य हैं, इसकी भी जानकारी ली। उन्होंने धनहा नायक चौराहे पर लोगों से जानकारी भी ली। उसके बाद मोहद्दीनपुर बनकटिया बूथ पर पहुंचे। वहां गांव से बूथ की दूरी ज्यादा होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि अगस्त से अक्टूबर के मध्य जब पोलिग बूथ बढ़ाया जा रहा था तो क्यों नहीं बढ़ाया गया। इतने दूर मतदाताओं को आने में परेशानी होगी। जिस पर लेखपाल ने कहा कि मतदाता भ्रम में न आए, इसलिए ऐसा हुआ। उसके बाद बसहिया बुजुर्ग बूथ का भी निरीक्षण किया। प्रेक्षक ने सभी बूथों पर पानी, बिजली की भी व्यवस्था को सुचारु रूप से सही करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव में किसी तरह की गड़बड़ी होने या प्रत्याशी द्वारा वोट के लिए दबाव बनाने पर तत्काल सूचना दें, कार्रवाई की जाएगी। नायब तहसीलदार देश दीपक त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक श्यामदेउरवा आनंद गुप्ता मौजूद रहे।

## यूक्रेन से आया फोन तो स्वजन ने ली राहत की सांस

देवरिया। रूस की तरफ से यूक्रेन सीमा पर की जा रही कार्रवाई को देखते हुए भारतीयों की चिता बढ़ गई है। यूक्रेन में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे जनपद के दो छात्र वहां के हालात से घरवालों को फोन पर अवगत करा रहे हैं। फिलहाल उनके सकुशल होने से स्वजन ने राहत की सांस ली। नगर पंचायत के रहने वाले प्रणवनाथ यादव एवं विकासखंड देसही देवरिया के बेलवा बाजार के सुनील मद्धेशिया यूक्रेन में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे हैं। यूक्रेन व रूस में बढ़ते तनाव को देखते हुए उनके अभिभावकों की चिता बढ़ गई है। दोनों छात्र स्वजन को वहां के हालात से अवगत करा रहे हैं। नगर पंचायत के रहने वाले व बलिया जनपद में फार्मासिस्ट सुरेंद्र यादव के पुत्र प्रणवनाथ यादव यूक्रेन में एमबीबीएस में चौथा साल है।

प्रणव के पिता सुरेंद्र यादव ने बताया कि पुत्र से हमारी बात हुई है। हालात को सुनकर हम घबराए हुए हैं। फिलहाल अभी सब कुछ ठीक है। बेलवा बाजार के रहने वाले ग्राम प्रधान मनोज मद्धेशिया के भाई सुनील मद्धेशिया भी यूक्रेन में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे हैं। रात उन्होंने अपने बड़े भाई ग्राम प्रधान मनोज मद्धेशिया से मोबाइल फोन पर बात की और हालात अभी ठीक होने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कालेज प्रशासन की तरफ से छुट्टी कर दी गई है। दूरसंचार, इंटरनेट मीडिया व टीवी के माध्यम से यहां पल–पल की जानकारी मिल रही है।

उन्होंने स्वजन से चिता न करने की बात कही। हालात को देखकर छुट्टी, आनलाइन चलेगा क्लासः बढ़ते तनाव को देखकर विश्वविद्यालय प्रशासन ने दो सप्ताह तक की छुट्टी कर दी है। छात्रों को घर जाने की छूट है। एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे छात्र भविष्य को लेकर चिंतित हैं।

## कायाकल्प से माडल बने विद्यालय, सुधरी शिक्षा व्यवस्था

महराजगंज। पांच वर्षों में महराजगंज में स्कूलों के भवन कायाकल्प योजना के तहत बेहतर हुए हैं, साथ ही पठन–पाठन की गुणवत्ता भी सुधारी है। अंग्रेजी माध्यम के कई परिषदीय स्कूलों के बच्चे कांवेंट स्कूलों के विद्यार्थियों को मात दे रहे हैं। ये बच्चे फर्राटे के साथ अंग्रेजी बोलते हैं। यहां के छात्र जिला व प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिताओं में जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। शिक्षा के साथ विद्यालय स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में भी रुझान बढ़ी है। कुछ दिनों पहले आयोजित मंडलीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में जनपद के बच्चों ने परचम लहराया था। कायाकल्प योजना ने बदली तस्वीरः कायाकल्प योजना ने परिषदीय विद्यालयों की तस्वीर बदली है। महराजगंज सदर विधानसभा क्षेत्र बागापार गांव में स्थित सभी विद्यालयों को कायाकल्प योजना में 19 मूलभूत सुविधाओं से संतृप्त कर दिया है। माडल अंग्रेजी माध्यम प्राथमिक विद्यालय बागापार में तैनात शिक्षक अमरेंद्र सिंह ने स्कूल में ऐसे सिस्टम लगाए हैं कि जिनसे लखनऊ में बैठे अधिकारी पठन–पाठन पर नजर रख सकते हैं। कोरोना संकट काल में उन्होंने बच्चों का मोबाइल फोन स्वयं रिचार्ज कराकर उनकी पढ़ाई जारी रखवाई। इसी विधानसभा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बैजनाथपुर कला में तैनात शिक्षक कृष्ण कुमार के प्रयासों से विद्यार्थी आनलाइन वीडियो बनाकर पठन–पाठन को यूट्यूब पर अपलोड कर रहे हैं। जहां से सभी छात्र लाभ ले रहे हैं। इसी प्रकार क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय राजमंदिर, नदुआ, भगवंतनगर पैसिया, बड़हरा रानी, रम्हौली, कोटा, बसंतपुर खुर्द आदि गांवों में कायाकल्प के बाद विद्यालयों के भवन की गणना गांव के सुंदर भवनों में की जा रही है। परिषदीय विद्यालयों के भवन समेत शिक्षा व्यवस्था में भी काफी सुधार हुआ है। कांवेंट विद्यालयों के जैसे ही यहां की व्यवस्थाएं होने से अब काफी लोग बच्चों को यहां भेज रहे हैं।

## रंगोली प्रतियोगिता में आरके सनशाइन प्रथम

महराजगंज। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत जिले के विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों की छात्राओं ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में रंगोली व पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से तीन मार्च को मतदान के लिए लोगों को प्रेरित किया। इस दौरान आरके सनशाइन स्कूल की रंगोली को प्रथम स्थान मिला, जबकि पोस्टर मेकिग प्रतियोगिता में सेंट जोसेफ स्कूल की अमृता सिंह प्रथम स्थान पर रहीं। प्रतियोगिता में नौ विद्यालयों, महाविद्यालयों ने हिस्सा लिया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आरके सनशाइन ने प्राप्त किया। दूसरा स्थान पं. दीन दयाल उपाध्याय इंटर कालेज, शांति बाल विद्या मंदिर व डिवाइन पब्लिक स्कूल को मिला, जबकि तीसरे स्थान पर जवाहर लाल नेहरू स्मारक पोस्ट ग्रेजुएट कालेज, कास्मोपोलिटन पब्लिक स्कूल और सेंट जोसेफ स्कूल रहे। ध्रुव नारायण पब्लिक स्कूल और जीजीआइसी ने चौथा स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिग प्रतियोगिता में सेंट जोसेफ स्कूल की अमृता सिंह ने प्रथम, आरके सनशाइन के आदित्य गोंड ने दूसरा और सेंट जोसेफ के अमित साहनी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। रंगोली व पोस्टर मेकिग प्रतियोगिता का निरीक्षण अपर जिलाधिकारी डा. पंकज कुमार वर्मा द्वारा किया गया। उन्होंने बच्चों से न सिर्फ उनके द्वारा बनाये गए रंगोली व पोस्टर की थीम पर चर्चा की, बल्कि लोकतंत्र में वोट की ताकत, उसके महत्व पर भी जानकारी ली। उन्होंने बच्चों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए, उनसे अपने परिवार के सदस्यों व पास–पड़ोस के लोगों को वोट डालने के लिए प्रेरित करने के लिए भी कहा। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार सहित सभी प्रतिभागियों प्रशस्ति पत्र दिया गया। इस अवसर पर स्वीप प्रभारी व जिला विद्यालय निरीक्षक अशोक कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधीर पांडेय, ए.आर. कोआपरेटिव सवींद्र सिंह, जिला सूचना अधिकारी प्रभाकर मणि त्रिपाठी, रितेश सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकगण व छात्र–छात्राएं उपस्थित रहीं।

## मतदान के लिए बीयू, सीयू व वीवीपैट आवंटित

महराजगंज। कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेक्षकों की उपस्थिति में प्रत्याशियों के समक्ष ईवीएम ( इलेक्ट्रानिक वोटिग मशीन) के द्वितीय चरण का रैंडमाइजेशन किया गया। इस दौरान पांचों विधानसभा क्षेत्रों के लिए कुल 2476 बीयू (बैलेट यूनिट), सीयू (कंट्रोल यूनिट) और 2890 वीवीपैट आवंटित किया गया। इस दौरान फरेंदा विधानसभा क्षेत्र में 390 बूथों के सापेक्ष 462 बीयू व सीयू और 507 वीवीपैट (वोटर वेरीफाइड पेपर ट्रेल) आवंटित किए गए। नौतनवा व सिसवा में 451 बूथों के सापेक्ष 542 बीयू व 542 सीयू और 587 वीवीपैट का आवंटन किया गया। इसी प्रकार सदर विधानसभा क्षेत्रों में 457 बूथों के लिए 549 बीयू व सीयू और 595 वीवीपैट का आवंटन किया गया।

पनियरा में 472 बूथों के सापेक्ष 567 बीयू व सीयू तथा 614 वीवीपैट का आवंटन किया गया है। रैंडमाइजेश प्रक्रिया से सभी राजनीतिक दल व प्रत्याशी संतुष्ट रहे। डीएम ने सभी राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों को बताया कि पोस्टल बैलेट से मतदान के संदर्भ में सभी प्रत्याशी अपने पोलिग एजेंट की नियुक्ति कर संबंधित आरओ को सूचना उपलब्ध करा दें, ताकि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से संपादित हो। उन्होंने यह भी बताया कि इस बार चुनाव आयोग के निर्देशानुसार रि□ार्व ईवीएम के लिए मतदान में प्रयुक्त ईवीएम से पृथक रखने की व्यवस्था की गई है, ताकि किसी प्रकार का संशय न उत्पन्न होने पाए। इन ईवीएम की सूची प्रत्यशियों को भी उपलब्ध कराई जाएगी। सभी प्रत्याशी व राजनीतिक दल आदर्श आचार संहिता का पालन करें। एडीएम डा. पंकज कुमार वर्मा ने सभी प्रत्याशियों को बताया कि दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं के लिए पोस्टल बैलेट से मतदान की व्यवस्था की जा चुकी है। जिले में कुल 262 लोगों से पोस्टल बैलेट से मतदान दो मतदानकार्मिकों द्वारा माइक्रो आब्जर्वर की उपस्थिति में कराया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी। इस दौरान प्रेक्षक नवीन मित्तल, पंकज कुमार, केआरबीएन चक्रवर्ती, श्रवण कुमार, विनय चंद, पुलिस प्रेक्षक एन अंबिका सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## गोरखपुर नाम वापसी के बाद योगी के खिलाफ कुल 12 उम्मीदवार

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर। नाम वापसी के बाद चुनाव मैदान में डटे रहने वाले प्रत्याशियों की तस्वीर अब साफ हो गई है। गोरखपुर सदर सीट पर सीएम योगी के मुकाबले कुल 12 उम्मीदवार हैं। सपा ने यहां से भाजपा के पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र शुक्ल (अब स्वर्गीय) की पत्नी शुभावती शुक्ला को उतारा है। जबकि बसपा से ख्वाजा शमसुद्दीन और कांग्रेस से चेतना पांडेय मैदान में हैं। आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) से चंद्रशेखर रावण ताल ठोंक रहे हैं। बुधवार को नाम वापसी में गोरखपुर के छह विधानसभा क्षेत्रों से सात प्रत्याशियों ने नाम वापस ले लिए। सदर, कैम्पियरगंज और बांसगांव से कोई भी नाम वापसी नहीं हुई, जबकि सहजनवा से सर्वाधिक दो नाम वापस हुए। नामांकन के दौरान प्रमुख दलों के कुछ प्रत्याशियों ने अपने पुत्र तो कुछ ने पत्नियों का नामांकन पत्र भरवाया था। सभी के नामांकन जांच में वैध भी पाए गए थे। एक ही घर के लोग आमने–सामने न आएं, इसके लिए अधिकतर ने पर्चा वापस ले लिया लेकिन गोरखपुर ग्रामीण से बसपा प्रत्याशी व उनकी पत्नी चुनाव मैदान में मौजूद हैं। नाम वापसी के बाद चुनाव मैदान में अब गोरखपुर की सभी 9 विधानसभा सीटों पर 109 प्रत्याशी मैदान में हैं। जबकि कुल 159 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था। जिनमें 32 पर्चे निरस्त हो गए, वहीं 116 पर्चे ही वैध पाए गए। हालांकि इनमें कई प्रत्याशियों ने अपना नामांकन खारिज होने के डर से अपने ही परिवार के सदस्यों का निर्दलीय नामांकन करा दिया था। ताकि किसी अप्रिय स्थिति में भी वे चुनाव लड़ सकें। इनमें ग्रामीण प्रत्याशी विजय बहादुर यादव ने अपने बेटे विशाल यादव का नामांकन कराया था। वहीं सहजनवा प्रत्याशी सुधीर सिंह की पत्नी अंजू सिंह ने भी नामांकन किया था। इसी तरह खजनी से प्रत्याशी प्रशांत के लिए शैलेश कुमार, इसी तरह पिपराइच क्षेत्र में बसपा प्रत्याशी दीपक अग्रवाल के पुत्र कुमार सत्यम अग्रवाल ने भी नामांकन किया था। सत्यम ने भी नाम वापस ले लिया है। चौरीचौरा से प्रशांत सिंह व चिल्लूपार से आलोक कुमार गुप्ता ने बुधवार को अपना नामांकन वापस ले लिया।

# चौरीचौरा पुलिस ने 38 राशि गोवंश दो ट्रको के साथ किया बरामद

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर। चौरी चौरा पुलिस चौकी सोनबरसा समूडीहा कट एनएच –28 पर बैरियर चेकिंग के दौरान 3 व्यक्तियों को दो ट्रको पर लाद कर बिहार के तरफ ले जाते 38 राशि गोवंश बरामद किया। पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार अवस्थी चौरीचौरा थाने पर प्रेस वार्ता कर बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय डॉ विपिन ताडा द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुक्रम में अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए प्रभारी निरीक्षक चौरीचौरा के कुशल नेतृत्व में उनि मदन मोहन मिश्र चौकी प्रभारी सोनबरसा व स्वाट व एसओजी टीम के साथ सोनबरसा क्षेत्र में चेकिंग करने में मसूर थे कि मुखबिर द्वारा सूचना दी गई कि एनएच 28 से बिहार की तरफ गोवंश लदे हुए ट्रक वध हेतु जा रहे हैं कि मुखबिर की सूचना पर विश्वास कर मौजूद पुलिस बल को दो टीमा में विभाजित कर टीम चौकी सोनबरसा के सामने एनएच –28 पर बैरियर लगाकर व टीम 2 समूडीहा कट एनएच –28 पर बैरियर लगाकर चेकिंग करने लगे टीम द्वारा ट्रकों को रोकने का प्रयास किया गया पुलिस बल पर फायर करते हुए व बैरियर तोड़ते हुए उक्त दोनो टुक भागने लगे कि टीम द्वारा समूडीहा कट पर जाम लगाकर दोनों ट्रकों को रोक लिया गया। दोनों टीमों द्वारा घर –पकड़ कर मौके से 3 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया व 02 व्यक्ति मौके से फरार हो गये। उक्त दोनों ट्रकों से कुल 38 राशि गोवंश बरामद किया गया। व पकड़े गये व्यक्ति से एक अदद तमचा, 02 अदद खोखा कारतूस व एक अदद ठोकर लगा कारतूस बरामद किया गया। बरामद गोवंशा को मेडिकल उपचार कराने के उपरांत वृहद गौ संरक्षण केन्द्र हरिहरपुर थाना खजनी गोरखपुर भेज दिया गया है गिरफ्तार अभियुक्तों दानिश पुत्र रासिद निवासी सम्भल हेड़ा थाना मीरापुर मुजफ्फनगर उम्र 30 वर्ष जान मोहम्मद पुत्र थोडे निवासी महाराजगंज तराई थाना महाराजगंज बलरामपुर उम्र 32 वर्ष अनिश पुत्र सहजाद निवासी महाराजगंज तराई थाना महाराजगंज बलरामपु गिरफ्तार अभियुक्तों को पंजीकत मकदमा मु 0 अ 0 स 0 63᪨22 धारा 307᪨ 120 (बी) भादवि व 3᪨5 क 8 उ 0 प्र 0 गोवध निवारण अधिनियम व पशु क्रूरता अधिनियम थाना चौरी चौरा गोरखपुर मुअसं 64 22 धारा 3–25 आयुध अधिनियम के अंतर्गत न्यायालय भेज कार्यवाही किया गया गिरफ्तार करने वालो में प्रभारी निरीक्षक चौरीचौरा सुबोध ा कुमार निरीक्षक प्रदीप शर्मा चौकी प्रभारी सोनबरसा उ नि मदन मोहन मिश्र उ नि प्रदीप कुमार सिंह एसओजी प्रभारी चन्द्रभान सिंह स्वाट टीम प्रभारी अरुण कुमार सिंह नि यू टी आलोक कुमार सिंह उ नि यू टी जितेन्द्र यादव हे का रामइकबाल राव हे का राशिद हे का सनातन सिंह हे का राजमंगल सिंह का रणवीर प्रताप सिंह का प्रदीप कुमार का इन्द्रेश वर्मासम्लित रहे। प्रेस वार्ता के दौरान क्षेत्राधिकारी चौरीचौरा अखिलानंद उपाध्याय भी रहे मौजूद।



# 21 फरवरी को प्रदेश की सभी विधानसभाओं में होगा ''शक्ति यात्रा'' का आयोजन

लखनऊ(आरएनएस)। महिला सशक्तीकरण और अन्याय व असमानता के खिलाड़ लड़ रही नारी शक्ति के सम्मान में उत्तर प्रदेश कांग्रेस पार्टी 21 फरवरी को प्रदेश की सभी विधानसभाओं में ''शक्ति यात्रा'' और 8 मार्च को लखनऊ में 1 लाख महिलाओं के मार्च का आयोजन कर रही है।

कांग्रेस प्रवक्ता संजय सिंह ने बताया कि कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी के निर्देशानुसार कांग्रेस कमेटी ने ''लड़की हूँ लड़ सकती हूँ'' अभियान में महिलाओं की सशक्त भागीदारी सुनिश्चित करने व अभियान को मजबूती देने के के लिए 21 फरवरी को पूर्वान्ह 11. 30 बजे, उत्तर प्रदेश की सभी 403 विधानसभाओं में शक्ति यात्रा का आयोजन किया है। ये यात्रायें सभी विधानसभाओं में एक साथ, एक ही दिन और एक ही समय पर होंगी। महिलाओं को 40: टिकट देने की प्रतिज्ञा पूरी करने के बाद, ''लड़की हूँ लड़ सकती हूँ'' पदयात्रा से कांग्रेस महिलाओं में पार्टी की बढ़ती लोकप्रियता का अहसास जनता तक पहुँचाना चाहती है। उन्होंने बताया कि शक्ति यात्रा में 2 किलोमीटर लंबे रूट मैप में करीब एक हजार महिलाओं की भागीदारी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पुरुष भी इसमें शामिल होंगे लेकिन महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। महिलाओं के उत्साह, दृढ़ता और सशक्तिकरण को प्रदर्शित करने के लिए महिलाओं के हाथ में गुलाबी रंग का 50–100 मीटर का एक विशाल झंडा होगा। सभी महिलाएं गुलाबी रंग के कपड़ों में मार्च में शामिल होंगी।

उन्होंने बताया कि पदयात्रा में 1–2 हजार गुलाबी रंग के गुब्बारों का इस्तेमाल किया जाएगा और कांग्रेस पार्टी का ''लड़की हूँ लड़ सकती हूँ'' का संगीत भी बजाया जाएगा। साथ ही महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए हर विधानसभा में क्षेत्र की 10 उन महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा, जिनका सामाजिक व महिला उत्थान के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान रहा हो। इसके अलावा 8 मार्च 2022 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में उ०प्र० कांग्रेस कमेटी द्वारा 1 लाख महिलाओं का मार्च आयोजित किया जाएगा, जिसमें सभी जनपदों से महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित होनी है।

# जदयू ने उत्तर प्रदेश चुनाव में उतारे अपने 39 उम्मीदवार

लखनऊ। जनता दल यूनाइटेड ने करीब 39 सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित किया हैं। इसमें से अधिकतर सीटें पूर्वी उत्तर प्रदेश की हैं जहां जदयू मजबूती के साथ चुनाव लड़ रही है।जदयू ने किसानों,मजदूरों, व्यापारियों और बेरोजगारी के मुद्दे पर पूर्ववर्ती सरकारों को कठघरे में खड़ा किया है। प्रदेश में नौजवान जिल्लत की जिंदगी जी रहा है। प्रदेश में पूर्वांचल का नौजवान रोजी–रोटी के लिए पलायन करने के लिए मजबूर हैं। आजादी के बाद कितनी सरकारें आई और चली गई,लेकिन पूर्वांचल के लोगों की मजबूरी,बेबसी,लाचारी, विकास पर मरहम लगाने के बजाये धर्म–जाति व परिवारवाद की राजनीत करके लोगों का शोषण किया।पूर्वांचल के बुनकरों के कारखाने बंद हो गए जिससे बुनकरों के सामने भुखमरी मुंह बाए खड़ी हो गई। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस,समाजवादी पार्टी,बहुजन समाज पार्टी,भारतीय जनता पार्टी आई और गई लेकिन पूर्वांचल में औद्योगिक विकास,शिक्षा स्वास्थ्य में खालीपन ठेंगा दिखता रहा। गरीबी,अशिक्षा, बेरोजगारी में पूर्वी उत्तर प्रदेश झुलस रहा है।जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल ने आवाहन किया हैं,कि जदयू के उम्मीदवारों को जिताये व चुनाव के पश्चात जदयू पूर्वांचल के विकास के लिए सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष करेगी। यह जानकारी प्रो.के.के.त्रिपाठी प्रवक्ता एवं प्रदेश महासचिव जनता दल युनाइटेड उत्तर प्रदेश ने पत्रकारों को दी।

# राज्यपाल ने केंद्रीय बजट 2022–23 के परिप्रेक्ष्य में शिक्षा विभाग के प्रस्तुतिकरण का अवलोकन किया

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज यहां राजभवन स्थित प्रज्ञाकक्ष में केन्द्रीय बजट 2022–23 के परिप्रेक्ष्य में शिक्षा विभाग के क्रियान्वयन की रूपरेखा का अवलोकन किया। प्रस्तुतिकरण का अवलोकन करते हुए राज्यपाल ने निर्देश दिया कि बजट प्राप्ति के लिए गुणवत्तापूर्ण प्रस्ताव समय से केन्द्र सरकार को प्रेषित कर दिया जाये, जिससे समुचित बजट प्राप्त कर प्रदेश में उत्कृष्ट शिक्षा व्यवस्थाओं का विकास सुनिश्चित किया जा सके। ज्ञात हो कि केन्द्रीय बजट 2022–23 ने शिक्षा क्षेत्र को कुल 1,04,278 करोड़ रूपये आवंटित किए हैं। पिछले वर्ष की तुलना में यह लगभग 12 प्रतिशत अधिक का आवंटन है। प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा सुभाष चंद्र शर्मा ने राज्यपाल के समक्ष बजट प्राप्ति के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, डिजिटल विश्वविद्यालय, कौशल विकास, शिक्षकों की स्किलिंग व प्रशिक्षण, शोध व अनुसंधान के मुख्य बिंदुओं पर विस्तार से क्रियान्वयन की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने राज्यपाल को आगामी वर्षों में राष्ट्रीय स्तर पर ऑनलाइन शिक्षा में प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था विकास के लिए आवश्यक परिवर्तनों और संसाधन की आवश्यकताओं से अवगत कराया। राज्यपाल ने उत्तर प्रदेश को विश्वस्तरीय शिक्षा हब के रूप में विकसित करने, केन्द्रीय बजट के निधारित मानक डिजिटल विश्वविद्यालय, रोजगारपरक शिक्षा, कौशल विकास और उद्योगो की बदलती जरूरतों से जुड़ी शिक्षा, वर्चुअल लैब्स व स्किलिंग ई–लैब्स, प्रधानमंत्री ई विद्या व डिजिटल इकोसिस्टम आदि से सम्बन्धित बिंदुओं पर गहन समीक्षा की और कहा कि शिक्षा के सभी विभागों को एक प्लेटफार्म पर कार्य करना जरूरी है। उन्होंने बदलते परिवेश में शिक्षा के लिए उत्तर प्रदेश के समक्ष उपस्थित हो रही नई चुनौतियों पर भी चर्चा की और व्यापक बदलाव में प्रदेश की गुणवत्ता स्थापित करने के लिए शिक्षकों की स्किलिंग को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि अब विश्वविद्यालयों के लिए जरूरी है कि वे नैक मूल्यांकन और एन.आई.आर.एफ. में अपने ग्रेड की उच्चता स्थापित करें। उन्होंने उच्च शिक्षा के प्राप्त होने वाले बजट आवंटन पर भी चर्चा की और कहा कि फण्ड से प्रदेश के रिमोट एरिया में स्थापित विश्वविद्यालयों व कालेजों को अधिक फंड आवंटन किया जाए, जिससे वहां के छात्रों को भी विश्वविद्यालय के छात्रों के समान अवसरों की व्यवस्था प्राप्त हो सके। विशेष सचिव माध्यमिक शिक्षा जयशंकर दुबे ने कोरोना काल में ऑनलाइन शिक्षा के विकसित हुए दौर में प्रदेश में सफल व्यवस्थाओं का जिक्र करते हुए राज्यपाल को आगामी दौर के लिए वेव क्लास रूम पर चल रहे कार्यों से राज्यपाल को अवगत कराया। उन्होंने राज्यपाल के समक्ष शिक्षा चौनलों को 12 से बढ़ाकर 200 किए जाने, ऑनलाइन आच्छादन बढ़ाने की रणनीतियों, रचनात्मकता को बढ़ाने, ई–कंटेंट के विकास, डिजिटल उपकरणों की आवश्यकता जैसे मुख्य बिंदुओं को बजट की आवश्यकता के साथ प्रस्तुत किया। राज्यपाल ने माध्यमिक व बेसिक शिक्षा स्कूलों में शिक्षक व विद्यार्थियों के रेशियो का ध्यान रखने, तबादला पॉलिसी को सख्त रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि स्कूलों की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए निजी संस्थाओं से भी अनुरोध किया जा सकता है। उन्होंने बजट के समुचित उपयोग के लिए नियमों में आवश्यक संशोधन का सुझाव दिया और कहा कि यदि निजी संस्था के सहयोग का नियम नहीं है तो कोई नियम बना लिया जाए जिससे बच्चों को आवश्यक संसाधन और शिक्षा का बेहतर माहौल प्राप्त हो सके। उन्होंने उच्च शिक्षा विभाग, विश्वविद्यालयों के अनुपयोगी संसाधनों, ई–सामग्रियों को माध्यमिक व बेसिक शिक्षा स्कूलों में उपलब्ध कराने को कहा जिससे बच्चे संसाधन उपयोग का ज्ञान प्राप्त कर सकें। राज्यपाल ने शिक्षा विभाग को समग्र तैयारी के साथ अप्रैल, 2022 तक केन्द्र को प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निर्देश दिया और कहा कि सभी का संयुक्त प्रयास आवश्यक है जिससे प्रदेश को केन्द्र से अच्छा फंड प्राप्त हो सके। बैठक के राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव महेश कुमार गुप्ता, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा पंकज.एल.जानी., प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा संतोष चंद्र शर्मा, सचिव उच्च शिक्षा शमीम अहमद, विशेष सचिव आईटी. इलेक्ट्रॉनिक कुमार विनीत, विशेष सचिव उच्च शिक्षा, विशेष सचिव माध्यमिक शिक्षा जयशंकर दुबे, विशेष सचिव बेसिक शिक्षा, विश्वविद्यालयों से आए कुलपति सहित सभी सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# 'उत्तर प्रदेश लोक व निजी सम्पत्ति क्षति वसूली अधिनियम, 2020'' के तहत

लखनऊ। प्रदेश सरकार द्वारा एण्टी सी0ए0ए0 के मामले में पूर्व में अपर जिलाधिकारियों को भेजी गयी वसूली की 274 नोटिसो को वापस कर नवीन ट्रिब्यूनल भेजा गया है। मा0 उच्चतम न्यायालय ने इस संबंध में राज्य सरकार द्वारा नये नोटिस जारी करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा बनाये गये ''उत्तर प्रदेश लोक व निजी सम्पत्ति क्षति वसूली अधिनियम, 2020'' के अनुसार कार्यवाही की अनुमति दी है। इस अधिनियम के तहत गठित 03 दावा अधिकरणों क्रमशः मेरठ, लखनऊ व प्रयागराज द्वारा अब इस संबंध में वसूली संबंधी अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में राजनीतिक जूलूसों, अवैध प्रर्दशनों, हड़ताल, बन्द व आन्दोलनों के आह्वाहन पर लोक व निजी सम्पत्ति को हुई क्षति के प्रकरणों की वीडियोग्राफी कर प्रतिकर अधिनिर्णीत करने के लिए उक्त अधिनियम के तहत गठित दावा अधिकरणों के माध्यम से अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। यह भी उल्लेखनीय है कि अब तक विगत लगभग 02 वर्ष में सरकारी सम्पत्ति की क्षति नगण्य रही है।

# अखिलेश यादव हैं फ्यूज बल्ब और भाजपा है उंजियारा देती हुई एलईडीः स्वतंत्र देव सिंह

## उत्तर प्रदेश में भाजपा ने विकास का उंजियारा फैलाया है, 2022 में भी आएगी भाजपा

लखनऊ। अखिलेश यादव फ्यूज बल्ब हैं और फ्यूज बल्ब को लोग फिर से होल्डर में नहीं लगाते, सपा पर सीधा हमला बोलते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने शुक्रवार को बांदा में अखिलेश यादव पर तंज किया। उन्होंने कहा कि भाजपा एलईडी का वो बल्ब है जिसने उत्तर प्रदेश के हर घर को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से रोशन कर दिया है। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी ने 'आवास योजना में 43 लाख पक्के मकान' दिए हैं, उन घरों के अंदर 24 घंटे की बिजली का कनेक्शन दिया है। 1 करोड़ 38 लाख से ज्यादा लोगों को 'मुफ्त बिजली कनेक्शन' दिया गया हैं। स्वतंत्र देव सिंह ने बांदा के बबेरू, झांसी के गरौठा और उरई में जनसभाएं की और लोगों से जनसंवाद किया। प्रदेश अध्यक्ष की जनसभा में जमकर भीड़ उमड़ी और लोग मोदी–मोदी का नारा लगाते रहे।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सिर्फ 45 लाख पक्के मकान देने और डेढ़ करोड़ बिजली कनेक्शन देने तक ही हम नहीं रुके। हमने उस पक्के मकान की रसोई में उज्ज्वला का फ्री गैस कनेक्शन दिया है, जिससे कि खाना बनाते हुए हमारी बहन बेटियों की आखों में धुआं न लगे। पक्के मकान में पक्का इज्जत घर दिया है यानी शौचालय बनवाया है। 1 करोड़ 56 लाख को 'उज्जवला का फ्री गैस कनेक्शन', 6 करोड़ से अधिक लोगों को 'आयुष्मान भारत' के अंतर्गत 5 लाख रुपये की चिकित्सा बीमा सुरक्षा, किसान भाईयों की ऋण माफी और 2 करोड़ से ज्यादा किसानों को 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि' से जोड़ा गया और उनके खाते में आज सीधे 6000 रुपए पहुंच रहे हैं, ना बिचौलिया ना दलाली। ग्राम प्रधानों के जरिए श्रमिकों के कार्ड बने हैं और उनकी मजदूरी सीधे उनके खातों में जाती है। सिंह ने सपा राज के कानून व्यवस्था और परिवारवाद पर हमला बोलते हुए कहा कि अखिलेश यादव के शासनकाल में सिर्फ उनके दरबारियों और गुंडों का ही विकास हुआ है, लेकिन योगी–मोदी की डबल इंजिन की सरकार ने युवाओं को रोजगार, बहन–बेटियों को कानून की सुरक्षा और व्यापारियों के लिए व्यवसाय करने की सुविधा और आजादी दी है, जिसमें उत्तर प्रदेश पूरे देश में दूसरे स्थान पर है। जब अपराध कम होता है, जब राज्य में कानून का शासन होता है, दहशत का माहौल नहीं है तो बड़े–बड़े उद्योग उस राज्य में निवेश करते हैं, और यही कारण है कि उत्तर प्रदेश में निवेश बढ़ा है, व्यवसाय करने की सुविधा बढ़ी है और हमारे युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़े हैं।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि अखिलेश कि आंख से शर्म का पर्दा हट गया है। जिस सपा के शासन काल में लोग लाइन में लगकर मिट्टी का तेल खरीदते थे ताकि रात में उनके बच्चे आंखें काली करके लैंप में पढ़ाई कर सकें, आज वो फ्री बिजली की बातें करती है। हमने 24 घंटे की बिजली उत्तर प्रदेश के घरों में मुहैया कराई है. उन्होंने कहा कि जो करके दिखाए, उसकी बात में दम होता है। फ्यूज बल्ब अखिलेश यादव खोखली बातें भर करते हैं। स्वतंत्र देव ने कहा कि योगी–मोदी की डबल इंजन की सरकार ने पूरे प्रदेश में एक्सप्रेसवे का जाल बिछा दिया है। सुरक्षा और कानून व्यवस्था इतनी चाक चौबंद है कि महिलाएं अपने घरों से बेखटके बाहर निकल सकती हैं, क्या सपा के शासन में ये संभव था? उन्होंने कहा कि सपा की सरकार में खेतों से भैंस, खलिहानों से ट्रैक्टर और हमारी बेटियों के हाथ से स्कूटी तक छीन ली जाती थी और सपाई थानों में रिपोर्ट तक नहीं करने देते थे। मैं ये दावे से कह सकता हूं कि पिछले पांच सालों में खेतों से फावड़ा भी नहीं चोरी हुआ है, हमारी बहन बेटियों को छूने की कोई हिम्मत करे और बचकर निकल जाए, ऐसा तो हो ही नहीं सकता। उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था आज दूसरे पायदान पर है। इसका मतलब यह है कि आज यूपी की प्रति व्यक्ति आय आज बढ़ी है।

# प्रेक्षक कैसरगंज ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

बहराइच। विधानसभा सामान्य निर्वाच–2022 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र कैसरगंज के सामान्य प्रेक्षक प्रदीप गोविन्द चौधरी ने थाना फखरपुर क्षेत्र अन्तर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय मरौचा में बने बूथ संख्या 09,10 व 11 पूर्व माध्यमिक विद्यालय बुबकापुर के बूथ संख्या 21, 22 व 23, प्राथमिक विद्यालय बुबकापुर के बूथ संख्या 18, 19 व 20, थाना रानीपुर अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय अचौलिया के बूथ संख्या 50 व 51, प्राथमिक विद्यालय दहौरा के बूथ संख्या 52 व 53 तथा थाना हुजुरपुर अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय सशना के बूथ संख्या 62, प्राथमिक विद्यालय राजापुरखुर्द के बूथ संख्या 63, पूर्व माध्यमिक विद्यालय हरनामार सुपनी के बूथ संख्या 58 एवं प्राथमिक विद्यालय, भूपानी के बूथ संख्या 59 का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए मौके पर मौजूद अधिकारियों मूलभूत सुविधाओं यथा बिजली, पेयजल, रैम्प, शौचालय आदि के माकूल बन्दोबस्त कराये जाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर प्रेक्षक के लाइजनिंग आफिसर सहायक अभियन्ता पैक्सफेड चन्द्र प्रकाश त्रिवेदी, नायब तहसीलदार अल्पिका वर्मा, थानाध्यक्ष फखरपुर परमानन्द तिवारी, रानीपुर के सौरभ सिंह, हुजूर्रपुर के दद्दन सिंह, सम्बन्धित सुपरवाईजर्स व बूथ लेबिल अधिकारी मौजूद रहे।

## कोर्ट सम्मन.

(बदस्त आवाम फरोक्त के लिए)
सम्मन बगरज इनफिसाल मुकदमा
(आर्डर–5 कायदा–1 व 5 मजमुआ जान्ता दीवानी सन् 1980ई0
नम्बर मुकदमा टी–202017630105416
बअदालत उपजिलाधिकारी मुकाम–नौगढ़, जिला–सिद्धार्थनगर
सर्वेश कुमार बनाम देवेश कुमार आदि
ता0 पेशी हाजिरी 15–03–22
सम्मन बनाम–(1) देवेश कुमार श्रीवास्तव पुत्रान राजेन्द्र कुमार
(2) शिवम् श्रीवास्तव
समस्त निवासी ग्राम बर्डपुर नं0–7, टोला–मजिगंवा, तप्पा–घोष, परगना व तहसील–नौगढ़, जनपद–सिद्धार्थनगर।
(3) ब्रम्हदेव लाल पुत्रान भारत लाल
(4) ब्रम्हानन्द लाल
(5) प्रमोद कुमार पुत्रान शत्रुघ्न लाल
(6) राजीव कुमार
(7) संजय कुमार
(8) पंकज कुमार
समस्त निवासी ग्राम बर्डपुर नं0–1, टोला–पंचगवा, तप्पा–घोष, परगना वो तहसील– नौगढ़, जिला–सिद्धार्थनगर बाजहे हो कि सर्वेश कुमार ने आपके नाम एक नालिश बावत दायर की है, लिहाजा, आपको हुक्म होता है कि आप तबारीख 15 माह 03 सन् 2022 हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल अमूर मुत्तलिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जवाब ऐसे सवालात् का दे सके हाजिर होवे और जवाबदेही दावा देवे और हरगाह वही तारीख को आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इस इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है, पर आपको लाजिम है कि उस रोज उसके जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जवाबदेही में ताईद इस्तेमाल करना चाहते हों। उसी रोज पेश कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमूल और फैसला होगा। बरवक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज तारीख– 13–01–2022ई0 जारी किया गया।

**दस्तखत**
**इत्तिला**
**असिस्टेण्ट कलेक्टर**
**दर्जा अन्वल**
**उपजिलाधिकारी,**
**नौगढ़, सिद्धार्थनगर।**

# प्रदेश में बीते दिन कोरोना संक्रमण के 844 नये मामले आये

लखनऊ(आरएनएस)। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा व स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने आज बताया कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल 1,80,339 सैम्पल की जांच की गयी। कोरोना संक्रमण के 844 नये मामले आये हैं। प्रदेश में अब तक कुल 10,27,27,543 सैम्पल की जांच की गयी हैं। उन्होंने बताया कि विगत 24 घण्टों में 1,647 लोग व अब तक कुल 20,30,997 लोग कोविड–19 से ठीक हुए हैं। उन्होने बताया कि प्रदेश में कोरोना के कुल 8,683 एक्टिव मामले है। प्रसाद ने बताया कि कोविड वैक्सीनेशन का कार्य निरन्तर किया जा रहा है। प्रदेश में कल 17 फरवरी, 2022 को एक दिन में 11,08,401 वैक्सीन की डोज दी गयी है। उन्होने बताया कि प्रदेश में कल तक 18 वर्ष से अधिक लोंगों को कुल पहली डोज 15,12,89,389 व दूसरी डोज 11,25,99,474 दी गयी। उन्होंने बताया कि 15 से 18 वर्ष आयु वर्ग को कल तक कुल पहली डोज 1,20,26,794 व दूसरी डोज 24,88,289 दी गयी है। कल तक 21,11,555 प्रीकॉशन डोज दी गयी है। उन्होंने बताया कि कल तक कुल मिलाकर 28,05,15,501 वैक्सीन की डोज दी गयी है।

# प्याज खरीदते समय इन बातों का रखें ध्यान, होगा सही चयन



अगर आप यह चाहते हैं कि खाने में प्याज का अच्छा स्वाद आए तो इसके लिए जरूरी है कि आप बाजार से अच्छा और सही प्याज खरीद कर लाएं। आमतौर पर कई लोग प्याज खरीदते समय सिर्फ इसकी बनावट पर ध्यान पर ध्यान देते हैं, जबकि इसके साथ–साथ कुछ अन्य चीजें भी हैं। आइए आज हम आपको कुछ ऐसी खास बातों के बारे में बताते हैं, जिन्हें ध्यान में रखकर आप सही प्याज का चयन कर सकते हैं।

प्याज का आकार देखें

अधिकतर लोग बड़े आकार का प्याज खरीदना सही समझते हैं क्योंकि इससे उन्हें सब्जी में एक ही प्याज का इस्तेमाल करना पड़ेगा, जबकि ऐसा नहीं है। दरअसल, कई बार सुविध ा के चक्कर में हम खुद का ही नुकसान कर बैठते हैं। जैसे बड़े प्याज के खराब होने की संभावना सबसे अधिक होती है। इसलिए बेहतर होगा कि आप हमेशा छोटे या फिर मध्यम आकार के ही प्याज खरीदें और यह भी सुनश्चित करें कि प्याज का छिलका न उतरा हो।

प्याज को जरूर दबाकर देखें

प्याज को हमेशा एक बार हल्के से दबाकर देखने के बाद ही खरीदना चाहिए। अगर प्याज आसानी से दब रहा है या फिर उसमें से खराब महक आ रही है तो उसे न खरीदें क्योंकि ऐसे प्याज अंदर से सड़े निकलते हैं। वहीं, अगर प्याज हल्के लाल रंग और सख्त है तो उसे खरीदना बेहतर होगा क्योंकि ऐसे प्याज स्वाद में मीठे और खाने में स्वाद बढ़ाने में मदद कर सकते हैं।

अंकुरित प्याज को खरीदने से बचें

अगर अंकुरित प्याज का जल्दी इस्तेमाल न किया जाए तो वह सड़ जाता है। इसलिए प्याज को खरीदते समय इसके ऊपरी हिस्से पर ध्यान दें। अगर वह हरा नजर आ रहा है तो समझ जाएं कि प्याज जल्द ही अंकुरित होने वाला है। बेहतर होगा कि आप ऐसे प्याज को न खरीदें। इसके अतिरिक्त, अगर प्याज पर काले पाउडर जैसा कुछ नजर आए तो उसे न खरीदें क्योंकि हो सकता है कि उसे केमिकल्स से पकाया गया हो।

जरूरत से ज्यादा प्याज न खरीदें

प्याज एक पौष्टिक और खाने का स्वाद बढ़ाने वाली सब्जी है, इसलिए आमतौर पर लोग किलोभर या फिर इससे ज्यादा प्याज खरीद लेते हैं। हालांकि आप उतने ही प्याज खरीदें, जितने आप छह से सात दिन के अंदर खत्म कर सकते हैं। दरअसल, ज्यादा दिन तक रखे रहने पर प्याज खराब होने लगता है और इसका स्वाद भी बिगड़ जाता है। इसलिए जरूरत के अनुसार ही प्याज खरीदें।

आजकल बाजार में कई रंग की प्याज मौजूद हैं, लेकिन बेहतर होगा कि आप सफेद या फिर हल्के लाल रंग की प्याज खरीदें क्योंकि ये स्वादिष्ट और पौष्टिक होती हैं। वहीं, प्याज को हमेशा नमी वाली जगहों से दूर स्टोर करें।

## आशी सिंह ने अपनी तुलना आलिया भट्ट से की

मीत की अभिनेत्री आशी सिंह का मानना है कि बहुमुखी और चुनौतीपूर्ण भूमिका निभाने की बात आती है तो उनकी यात्रा लोकप्रिय बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट से मिलती–जुलती है। आशी ने उल्लेख किया कि मेरा मानना है कि मैंने अपने करियर की शुरूआत से ही अपने पात्रों को चुनते समय हमेशा जोखिम



उठाया है और इसलिए मैं आलिया भट्ट से बहुत संबंधित हूं क्योंकि उन्होंने अपनी पसंद की भूमिकाओं के साथ भी प्रयोग किया है। हाईवे, उड़ता पंजाब, राजी आदि फिल्मों में अपने पात्रों को चुनने के मामले में वह अपनी पूरी यात्रा में एक बहुमुखी अभिनेत्री रही हैं। मैंने भी हमेशा यही कोशिश की है। आशी को शो में मीत हुड्डा के रूप में देखा जा रहा है, जो काम और अन्य जिम्मेदारियों से संबंधित लैंगिक भूमिकाओं के सभी सामाजिक मानदंडों को तोडने के लिए तैयार है। अभिनेत्री का कहना है कि किसी भी भूमिका को करते समय उसके लिए सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उसे यथार्थवादी और प्रभावशाली दिखाना है। वह आगे कहती हैं कि मैं हमेशा विभिन्न प्रकार की भूमिकाओं को करने के लिए बहुत उत्साहित रहती हूं। कई बार मुझे यकीन नहीं होता है कि यह काम करेगा या नहीं, या यह परदे पर कैसा दिखेगा, लेकिन मुझे बस इतना पता है कि मैं अभिनय करना चाहती थी और मैं जो कुछ भी करती हूं उसमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देती हूं। मेरा मानना है कि मेरे लिए यह बहुत महत्वपूर्ण है कि मैं इस किरदार से प्यार करूं, यह जानूं कि इसके लिए क्या आवश्यक है। मीत जी टीवी पर प्रसारित होता है।




## डिज्नी प्लस हश्चटस्टार पर रिलीज होगी धनुष और मालविका की फिल्म मारन




पैन इंडिया स्टार धनुष आने वाले दिनों में एक से बढ़कर एक फिल्मों में नजर आएंगे। मारन भी उनकी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म से जुड़ीं अब तक कई जानकारियां सामने आ चुकी हैं। अब यह साफ हो गया है कि धनुष और मालविका मोहनन की यह फिल्म सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी। मालविका ने सोशल मीडिया पर यह ऐलान किया है।

मालविका मोहनन ने ट्विटर पर लिखा, हमारी तरफ से आप सभी को हैप्पी वैलेंटाइन डे। जल्द ही मारन के साथ आपको डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर मिलेंगे। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ने भी सोशल मीडिया पर आज फिल्म की ह्न्ज्जज्ज रिलीज का ऐलान कर दिया है। मारन का नया पोस्टर फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। इसमें धनुष और मालविका का रोमांटिक अंदाज देखने को मिल रहा है। फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान अभी नहीं हुआ है।

इस फिल्म के साथ धनुष की सीधे ओटीटी पर रिलीज होने वाली फिल्मों की हैट्रिक हो गई है। इससे पहले उनकी दो फिल्में जगमे थंडीरम और अतरंगी रे भी सीधे ओटीटी पर ही रिलीज हुई। जगमे थंडीरम नेटफ्लिक्स तो अतरंगी रे हॉटस्टार पर स्ट्रीम हुई।

फिल्म मारन के निर्देशक कार्तिक नरेन हैं। इसमें धनुष के साथ मालविका के अलावा मास्टर महेंद्रन, समुथीराकनी, स्मृति वेंकट और कृष्ण कुमार भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। गीतकार विवेक के लिखे गीतों को फिल्म में संगीतकार जी वी प्रकाश ने सुरों से सजाया है। धनुष की फिल्मों में संगीत हमेशा से मजबूत पक्ष रहा है। निर्माताओं को उम्मीद है कि वे इसे तमिल के अलावा दूसरी भारतीय भाषाओं में डब करके देशभर के दर्शकों को आकर्षित करने में सफल रहेंगे।

बता दें कि निर्माता पहले इस फिल्म को सिनेमाघरों में ही रिलीज करना चाहते थे, लेकिन कोरोना महामारी के कारण इसकी डिजिटल रिलीज का फैसला किया गया। फिल्म में धनुष एक खोजी पत्रकार की भूमिका निभाने वाले हैं। ऐसी भूमिका में उन्हें पहले कभी नहीं देखा गया। फिल्म में उनका एक्शन अवतार देखने को मिलेगा। धनुष रुसो ब्रदर्स की अगली फिल्म द ग्रे मैन में अहम भूमिका निभाने वाले हैं। नाने वरुवेन, वाथी और थिरुचित्रम्बलम उनकी आगामी तमिल फिल्में हैं।

मालविका साउथ की जानी–मानी एक्ट्रेस हैं। पिछली बार वह फिल्म मास्टर में नजर आईं, जिसमें उनकी अदाकारी और अंदाज की काफी सराहना हुई। सोशल मीडिया पर मालविका काफी सक्रिय रहती हैं। उनकी ग्लैमरस तस्वीरें अक्सर वायरल होती हैं। मालविका मलयालम और कन्नड़ फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं। उन्होंने ईशान खट्टर के साथ फिल्म बियॉन्ड द क्लाउड्स से बॉलीवुड में कदम रखा था। वह फिल्म युधरा में नजर आएंगी। इसमें उनकी जोड़ी अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ बनी है।

## ईद पर रिलीज होगी टाइगर श्रॉफ और तारा सुतरिया की फिल्म हीरोपंती 2




टाइगर श्रॉफ एक एक के बाद धमाकेदार घोषणा करते हुए दिखाई दे रहे है. जहां कुछ दिन पहले उनकी अक्षय कुमार के साथ बिग बजट मूवी श्छोटे मियां बड़े मियांय का टीजर रिलीज का एलान किया गया, वहीं दूसरी ओर आज उनकी सुपरहिट मूवी के सीच्ल की भी घोषणा की जा चुकी है. फिघ्ल्म शतड़फ्य और च83य की सफलता का स्वाद चखने के बाद साजिद नाडियाडवाला के पास इस वर्ष रिलीज होने वाली बिग टिकट वाली मूवीज की एक प्रभावशाली लिस्ट है. जिसमें शबच्चन पांडेय और शहीरोपंती 2य शामिल हैं. टाइगर श्रॉफ और तारा सुतारिया अभिनीत साल की बहुप्रतीक्षित मूवीज में से एक शहीरोपंती 2य तब से चर्चा में है जब से निर्माताओं ने ईद के शुभ अवसर पर 29 अप्रैल, 2022 को इसकी नई रिलीज की डेट का एलान हुआ है. फैंस को और उत्साहित करते हुए, निर्माताओं ने अब मूवी का एक नया, एक्शन से भरपूर पोस्टर रिलीज किया जा चुका है, जिसमें टाइगर और तारा एक्शन और स्वैग से भरपूर दिखाई दे रहे है. एक जख्मी, रस्टिक अवतार में टाइगर व खूबसूरत तारा के साथ, शहीरोपंती 2य का नया पोस्टर बंदूक और फिघ्ल्म में दिखाई आने वाले एक्शन के बारे में है. ईद पर रिलीज होने वाली यह टाइगर की पहली मूवी है जो कृति सेनन की 2014 की पहली मूवी शहीरोपंतीय का सीच्ल है. शहीरोपंती 2य का फर्स्ट लुक फरवरी 2020 में रिलीज किया जा चुका था. रिपोर्ट्स के अनुसार टाइगर श्रॉफ इसके अलावा कई ऑयर फिल्मों में भी दिखाई देने वाले हैं. वो एक्शन थ्रिलर मूवी शगणपत पार्ट 1य में भी दिखाई देने वाले है. ये फिल्म भी एक्शन से भरपूर होगी. इस मूवी का तीन पार्ट बनने वाला है ओर इसकी शूटिंग भी शुरू हो चुकी है. वहीं अक्षय कुमार के साथ शबड़े मियां छोटे मियांय की घोषणा भी हो चुकी है. इस समय बॉलीवुड सबसे बिजी युवा एक्टर्स में सीक हैं. उनके पास फिल्मों की लंबी लाइन्स हैं.

# सर्दी और खांसी होने पर इन चाय का करें सेवन, जल्द मिलेगा समस्याओं से छुटकारा



मौसम में बदलाव और गलत खान–पान के कारण किसी को भी सर्दी और खांसी का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन ये छोटी–छोटी समस्याएं तकलीफ देती हैं। इसलिए कई लोग इनसे छुटकारा पाने के लिए तरह–तरह की दवाईयों का सेवन करते हैं, जिनका असर न बराबर ही होता है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसी चाय की रेसिपी बताते हैं, जिनका सेवन रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करके सर्दी और खांसी से राहत दिलाने में मदद कर सकता है।

अदरक की चाय

अदरक की चाय में वार्मिंग और एंटी–बैक्टीरियल गुण मौजूद होते हैं, जो सर्दी और खांसी जैसी बीमारियों से बचाने में मदद कर सकते हैं। इस चाय को बनाने के लिए सबसे पहले एक पैन में दो से तीन कप पानी और थोड़ा सा कदूकस किया हुआ अदरक डालें। इसके बाद कुछ मिनट तक पानी को उबलाकर गैस बंद कर दें। अब इस चाय को छानकर एक कप में डालें, फिर इसमें स्वादानुसार शहद मिलाकर पिएं।

तुलसी की चाय

इस चाय का सेवन भी सर्दी और खांसी से राहत दिलाने में सहायक है। तुलसी की चाय बनाने के लिए सबसे पहले एक पैन में एक कप पानी को अच्छे से गर्म करें, फिर उसमें एक चौथाई चम्मच चायपत्ती डालें और जब पानी में उबाला आ जाए तो इसमें तुलसी की पांच से छह पत्तियां और दूध ((वैकल्पिक) डालकर फिर से उबालें। अब चाय को एक कप में छानकर निकालें और इसमें शहद मिलाकर इसका सेवन करें।

पुदीने की चाय

पुदीने में एंटी–माइक्रोबियल, एंटी–इंफ्लेमेटरी और एंटी–ऑक्सीडेंट प्रोपर्टीज मौजूद होती हैं, इसलिए पुदीने की चाय का सेवन भी सर्दी और खांसी की समस्या से राहत दिलाने में मदद कर सकता है। पुदीने की चाय बनाने के लिए सबसे पहले एक पैन में डेढ़ कप पानी में थोड़ी पुदीने की पत्तियां डालकर उबालें, फिर इस चाय को छानकर कप में डालें। इसके बाद चाय में स्वादानुसार शहद या मेपल सिरप मिलाकर इसका सेवन करें।

ग्रीन टी

ग्रीन टी एंटी–ऑक्सीडेंट गुण के साथ–साथ कई ऐसे पोषक तत्वों से समृद्ध होती है, जो सर्दी और खांसी से राहत दिलाने में सहायक हैं। इस चाय को बनाने के लिए गैस ऑन करके उस पर एक पैन रखकर उसमें पानी को गर्म करें, फिर पानी को एक कप में डालकर उसमें ग्रीन टी बैग को डालें। दो–तीन मिनट बाद इस स्वास्थ्यवर्धक हर्बल टी का सेवन करें। आप चाहें तो इसमें स्वादानुसार शहद मिला सकते हैं।